दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 144
कोटद्वार बुधवार
20 सितम्बर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## महिला आरक्षण विधेयक केंद्र का क्रांतिकारी कदम: ऋतु खंडूड़ी

**देहरादून।** विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने संबंधी विधेयक लोकसभा में पेश किया जाना केंद्र सरकार का क्रांतिकारी कदम है और इससे महिला सशक्तीकरण को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण से समाज में न केवल उनकी भूमिका बढ़ेगी बल्कि इससे उनका सशक्तीकरण भी होगा। उन्होंने इस कदम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि एक महिला होने के नाते मैं देख रही हूं कि प्रधानमंत्री ने एक क्रांतिकारी निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा से हमारी आवाज सुनी है और हमारी चिंता की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री महिलाओं के विकास व उन्हें नेतृत्व देने की बात करते हैं। महिलाओं के विकास के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण कदम है।प्रधानमंत्री का जताया आभारः भाजपा प्रदेश प्रवक्ता हनी पाठक ने भी लोकसभा में महिला आरक्षण बिल को पेश किए जाने पर प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह आधी आबादी के पक्ष में बहुत महत्वपूर्ण फैसला है। इससे नारी शक्ति को सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने इससे पहले उज्ज्वला योजना, घरेलू गैस सिलेंडर के दाम दो सौ रुपए तक कम करने जैसे कई कदम उठाए हैं जिससे महिलाओं को बड़ा लाभ मिला है।

### नई संसद के पहले दिन सरकार का बड़ा कदम

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला आरक्षण बिल हुआ पेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नए संसद भवन में पहले दिन लोकसभा एवं विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण देने वाला नारीशक्ति वंदन अधिनियम को मंत्रिमंडल की मंजूरी और इसे लोकसभा में पेश करने की घोषणा के बाद मंगलवार को इस संविधान संशोधन विधेयक को सदन में पेश किया गया। श्री मोदी ने सदन से अपील की कि सभी दल इस विधेयक को सर्वसम्मति से पारित कर इसे और मजबूत बनाएं।




श्री मोदी ने दोपहर सवा एक बजे नए संसद भवन में लोकसभा के नए सदन में अपने उद्घाटन भाषण में ये ऐलान किया। विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बाद में तत्संबंधी संविधान (128वां संशोधन) विधेयक पेश किया गया, जिसमें नारी शक्ति वंदन विधेयक के नाम से प्रस्तुत इस विधेयक में संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर देश की विकास यात्रा में ऐसे मील के पत्थर आते हैं, जिन्हें पीढियां याद रखतीं हैं। आज के दिन हम सबने नया इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि आज का दिन गणेश चतुर्थी का दिन इतिहास में नाम दर्ज कराने वाला पल है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अनेक वर्षों से महिला आरक्षण के बारे में चर्चा और वाद विवाद होता रहा है। पहले भी 1996 में पहली बार यह विधेयक पेश किया गया था।

**1996 में पहली बार आया बिल, स्व. वाजपेयी ने भी किए प्रयास, अब पीएम नरेंद्र मोदी ने कर दिया खास**

बाद में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में भी ये विधेयक लाने का कई बार प्रयास किया गया, लेकिन उसे पारित करने के लिए जरूरी आंकड़े नहीं जुटा पाए। श्री मोदी ने कहा कि ईश्वर ने ऐसे कई काम करने के लिए मुझे चुना है। एक बार फिर उनकी सरकार ने कल मंत्रिमंडल की बैठक में महिला आरक्षण विधेयक लाने को मंजूरी दी है। 19 सितंबर की तिथि अमरत्व को प्राप्त करने जा रही है।

उन्होंने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहीं हैं। ऐसे में बहुत आवश्यक है कि नीति निर्धारण में नारीशक्ति अधिक से अधिक भूमिका निभाएं। आज के ऐतिहासिक मौके पर सदन की पहली कार्यवाही में मैं देश में बदलाव का आह्वान करता हूं। सभी सांसदों से नारीशक्ति के लिए नये प्रवेश द्वार खोल दें। एक महत्वपूर्ण निर्णय में महिला नीत विकास को बढ़ावा देने के लिए हमारी सरकार लोकसभा एवं विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए संविधान संशोधन करने जा रही है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने से हमारा लोकतंत्र और मजबूत होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे देश की माताओं, बहनों एवं बेटियों को इस विधेयक के लिए बधाई देते हैं और उन्हें आश्वस्त करते हैं कि इस विधेयक को कानून बनाने के लिए हम संकल्पबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि मैं सभी साथियों से आग्रह करता हूं कि यह एक पावन शुरुआत हो रही है। सर्वसम्मति से यह विधेयक कानून बने तो इसकी ताकत अनेक गुना बढ़ा जाएगी। दोनों सदनों के माननीय सांसदों से इस विधेयक को सर्वसम्मति से पारित करने की अपील है।

## महिला आरक्षण को महबूबा मुफ्ती ने बताया महान कदम, कहा, आखिरकार लागू हो गया विधेयक

श्रीनगर, एजेंसी। केंद्रीय कैबिनेट द्वारा संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण प्रदान करने के लिए संविधान संशोधन विधेयक को मंजूरी दिए जाने के एक दिन बाद पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने इसे एक 'महान कदम' बताया।पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री महबूबा ने एक्स पर लिखा कि मुख्य रूप से पुरुष राजनीतिक परिदृश्य के कठिन दौर को स्वयं पार करने के बाद मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि आखिरकार महिला आरक्षण विधेयक लागू हो जाएगा। आधी आबादी होने के बावजूद हमारा प्रतिनिधित्व बेहद कम है। यह एक शानदार कदम है।

# राज्यसभा में खरगे-सीतारमण के बीच तीखी बहस, जीएसटी और महिलाओं के मुद्दे पर आए आमने-सामने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नए संसद भवन में राज्यसभा की पहली बैठक के दौरान ही नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बीच तीखी नोंकझोंक हो गई। ऐसा दो बार हुआ। पहली बार जब खरगे ने जीएसटी का जिक्रकिया और दूसरी बार तब जब उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति की महिलाओं की साक्षरता दर कम है। यही कारण है कि राजनीतिक दलों को कमजोर महिलाओं को चुनने की आदत है। दोनों ही बार सीतारमण ने खरगे को तीखे प्रहार किए।

खरगे ने दावा किया कि राज्यों को जीएसटी राशि समय से नहीं मिल रही है। कुछ राज्यों को जीएसटी, मनरेगा, कृषि, सिचाई सहित विभिन्न कार्यक्रमों की अनुदान राशि समय से नहीं मिलती है। क्या इससे ऐसे राज्य कमजोर नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ लोकतंत्र की बात करती है, लेकिन कई राज्यों में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकारों को उसने गिरा दिया।

वित्त मंत्री सीतारमण ने पलटवार करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष का बयान तथ्यात्मक रूप



से गलत है। केंद्र सरकार ने उधार लेकर राज्यों को जीएसटी का भुगतान किया है। राज्यों को हर बार एक दो महीने एडवांस में भी जीएसटी का भुगतान किया गया। किसी भी राज्य का कोई भी जीएसटी पैसा केंद्र पर बकाया नहीं है।

खरगे ने कहा कि अनुसूचित जाति की महिलाओं की साक्षरता दर कम है। यही कारण है कि राजनीतिक दलों को कमजोर महिलाओं को चुनने की आदत है। वे उन लोगों को नहीं चुनते, जो शिक्षित हैं और लड़ सकती हैं।

इस पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि हम विपक्ष के नेता का सम्मान करते हैं, लेकिन यह व्यापक बयान देना कि सभी पार्टियां उन महिलाओं को चुनती हैं जो प्रभावी नहीं हैं, बिल्कुल अस्वीकार्य है।

प्रधानमंत्री जी, हमारी पार्टी ने हम सभी को सशक्त बनाया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक सशक्त महिला हैं।


नोंकझोंक के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने दोनों नेताओं को शांत कराया और मामले से जुड़ दस्तावेज पेश करने को कहा। दोनों ने कहा कि वे आज ही अपने दावों के समर्थन में संबंधित दस्तावेज सदन के पटल पर रखेंगे।

# आज बंद रहेगा कोटद्वार, तैयारियां हुई पूरी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर बुधवार को कोटद्वार बंद एवं चक्काजाम रहेगा। इसके लिए विभिन्न समिति व संगठनों की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई है।

लालढ़ांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग, मोटर नगर में आधुनिक बस अड्डा निर्माण नहीं होने सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर कोटद्वार संघर्ष समिति की ओर से कोटद्वार चक्काजाम व बंद का ऐलान किया गया है। आंदोलन को सफल बनाने के लिए विभिन्न संगठनों व व्यापार मंडल ने भी समिति को अपना समर्थन दिया है। आपातकालीन वाहनों को आंदोलन से बाहर रखा गया है। समिति के संरक्षक नागेंद्र उनियाल ने बताया कि राज्य गठन के बाद से कोटद्वार विकास को तरस रहा है। विकास के नाम पर केवल जनता को गुमराह किया जा रहा है। ऐसे में विभिन्न संगठनों ने एकजुट होकर आंदोलन करने का निर्णय लिया है। कहा कि आगे भी समिति का आंदोलन जारी रहेगा। शहरवासियों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



कोटद्वार शहर

**जन समस्याओं को लेकर किया गया है कोटद्वार बंद का ऐलान**



## सीएम धामी ने दी "श्री गणेश चतुर्थी" के पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**देहरादून।** मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश जी की भक्ति व आराधना को समर्पित "श्री गणेश चतुर्थी" के पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी के जीवन में सुख-समृद्धि की कामना की है।

# अनंतनाग में लश्कर कमांडर उजैर खान सहित दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर , एजेंसी।** जम्मू कश्मीर में अनंतनाग जिले के गडोले कोकरनाग इलामें में जारी मुठभेड में मंगलवार को लश्कर-ए-तैयबा के एक कमांडर समेत दो आतंकवादी मारे गए। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने आज कोकरनाग में संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इलाके में दो से तीन आतंकवादियों के छिपे होने की खुफिया सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों और पुलिस ने गत बुधवार से संयुक्त अभियान छेड़ा था। दोनों पक्षों के बीच जारी मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए हैं। इनमें एक आतंकवादी का शव बरामद कर लया गया है जिसकी पहचान लश्कर-ए-तैयबा कमांडर उजैर खान के रूप में की गयी है।

विजय कुमार ने बताया कि



तलाश अभियान अभी जारी रहेगा। उन्होंने अभियान जारी रहने तक लोगों से इलाके में न जाने की सलाह दी है। मुठभेड़ की शुरुआत के दिन लापता पुलिस जवान प्रदीप का शव सोमवार को मिला जिसके साथ ही शहीद होने वाले वालों की संख्या चार हो गई है। इससे पहले 19 राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मनप्रीत सिंह और उनके कंपनी कमांडर मेजर आशीष धोंचक तथा पुलिस उपाधीक्षक हिमायूं मुजामिल भट शहीद हो गये थे।वहीं दो अन्य सैनिक घायल हुए हैं।

## अनंतनाग में लापता सेना के जवान का शव मिला

**श्रीनगर , एजेंसी।** अनंतनाग में कोकेरनाग मुठभेड़ के दौरान लापत हुए सेना के जवान का शव पांच दिन वाद सोमवार शाम को बरामद हुआ है। 27 साल का शहीद जवान प्रदीप सिंह 13 सितंबर से लापता था। इसके साथ ही कोकेरनाग मुठभेड़ में शहीद होने वाले जवानों की संख्या बढ़कर 4 हो गई है। बता दें कि इस मुठभेड़ में 19वीं राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मनप्रीत सिंह और मेजर आशीष ढोंचक और जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी हुमांयू मुजम्मिल भट्ट शहीद हुए थे। इस घटना के बाद से आतंकियों की तलाश के लिए कोकेरनाग के जंगलों में सेना का सर्च अभियान चलाया गया है।

# ऊना में बखौफ हुई स्वां नदी, उफनती लहरों के बीच चार घंटे तक चली जिंदगी और मौत में जंग

**गगरेट, एजेंसी।** भारी बारिश के चलते उफान पर आई स्वां नदी में करीब चार घंटे तक जिंदगी और मौत में चली जंग में जिंदगी जीत गई। स्वां नदी में आई बाढ़ में फंसे अंदोरा लोअर गांव के केवल कृष्ण की हिम्मत जब जबाव देने लगी, तो गगरेट पुलिस थाना के जांबाज जवान व अग्निशमन कर्मी उफनती नदी में फरिश्ता बनकर उस तक पहुंचे और उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।



सुबह केवल कृष्ण अपने बेटे अमित के साथ ट्रैक्टर पर स्वां नदी पार कर रहा थे, तो अचानक नदी में पानी बढ़ जाने से ट्रैक्टर बहने लगा। जिस पर अमित ने छलांग लगा दी और वह बहता हुआ किनारे जा लगा, लेकिन केवल कृष्ण ट्रैक्टर के साथ बहने लगा। करीब 50 मीटर दूर जाकर ट्रैक्टर फंस गया और खुद को बचाने के लिए केवल कृष्ण ट्रैक्टर की छत पर जा चढ़ा। इसके बेटे ने इसकी जानकारी प्रधान को दी। जिस पर गगरेट पुलिस को सूचित किया गया। गगरेट पुलिस ने अग्निशमन विभाग को सूचित किया। केवल कृष्ण की हिम्मत जबाव न दे जाए, इसके चलते उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना पानी में छलांग लगा दी और केवल कृष्ण को सुरक्षित बाहर निकाल लाए। इनकी बहादुरी की हर तरफ प्रशंसा हो रही है।

### जस्टिन ट्रूडो के आरोपों से भारत नाराज

# कनाडा के राजनयिक को 5 दिन में देश छोड़ने का फरमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार की भूमिका का सीधा आरोप लगाए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आज कनाडा के उच्चायुक्त को तलब किया और उनके एक वरिष्ठ राजनयिक को पांच दिन के भीतर देश छोड़ने का फरमान सुनाया। भारत ने कनाडा के प्रधानमंत्री के बयान को बेतुका और घरेलू राजनीति से प्रेरित करार देते हुए खारिज कर दिया है और आरोप लगाया है कि कनाडाई राजनयिक देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं और भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं। भारत एवं कनाडा के बीच इस घटनाक्रम से दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास आ गई है।



विदेश मंत्रालय ने यहां एक बयान में कहा, "भारत में कनाडा के उच्चायुक्त को आज तलब किया गया और भारत स्थित एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित करने के भारत सरकार के फैसले के बारे में सूचित किया गया। संबंधित राजनयिक को अगले पांच दिनों के भीतर भारत छोड़ने को कहा गया है।" विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह निर्णय हमारे आंतरिक मामलों में कनाडाई राजनयिकों के हस्तक्षेप और भारत विरोधी गतिविधियों में उनकी भागीदारी पर भारत सरकार की बढ़ती चिंता को दर्शाता है।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार जिस राजनयिक का निष्कासित किया गया है, वह कनाडा में उच्चायोग में कनाडाई खुफिया सेवा के स्टेशन प्रमुख ओलिवर सिल्वेस्टर हैं। इससे कुछ देर पहले ही विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी करके कनाडाई प्रधानमंत्री के आरोपों को खारिज करते हुए कहा, "हमने कनाडा के प्रधानमंत्री का उनकी संसद में दिया गया बयान और उनके विदेश मंत्री का बयान देखा है और उसे खारिज करते हैं। कनाडा में हिंसा के किसी भी कृत्य में भारत सरकार की संलिप्तता के आरोप बेतुके और प्रेरित हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार कनाडा के प्रधानमंत्री ने भारतीय प्रधानमंत्री से बातचीत में ये आरोप लगाये थे जिन्हें पूरी तरह से खारिज कर दिया गया था और उनसे कहा गया था कि वह कनाडा में भारत विरोधी तत्वों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई करें।

बयान में कहा गया, "हम कानून के शासन के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता वाली एक लोकतांत्रिक राजनीतिक व्यवस्था हैं। इस तरह के निराधार आरोप खालिस्तानी आतंकवादियों और चरमपंथियों से ध्यान हटाने की कोशिश दर्शाते हैं जिन्हें कनाडा में आश्रय दिया गया है और जो भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा बने हुए हैं। इस मामले पर कनाडा की सरकार की निष्क्रियता लंबे समय से और निरंतर चिंता का विषय रही है।"विदेश मंत्रालय ने कहा कि कनाडाई राजनीतिक हस्तियों द्वारा ऐसे तत्वों के प्रति खुले तौर पर सहानुभूति व्यक्त करना गहरी चिंता का विषय बना हुआ है। कनाडा में हत्या, मानव तस्करी और संगठित अपराध सहित कई अवैध गतिविधियों को जो जगह मिली है, वह कोई नई बात नहीं है। बयान में कहा गया, "हम भारत सरकार को ऐसे घटनाक्रम से जोड़ने के किसी भी प्रयास को खारिज करते हैं और कनाडा सरकार से अपनी धरती से सक्रिय सभी भारत विरोधी तत्वों के खिलाफ त्वरित और प्रभावी कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं।"कनाडा के प्रतिष्ठित चैनल सीबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, कनाडा में खालिस्तान टाइगर फोर्स के प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में श्री ट्रूडो ने भारत सरकार पर इस घटना में संलिप्त होने का आरोप लगाया है। भारत में वांछित हरदीप सिंह निज्जर 18 जून को कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के शहर सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर पार्किंग क्षेत्र में गोली मार दी गई थी।

# अंक प्राप्त करना लक्ष्य नहीं, सफलता पर हो फोकस: जया किशोरी



हरिद्वार। कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग रुड़की में प्रेरक वक्ता जया किशोरी के कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जया किशोरी ने अपनी बातों से कॉलेज के छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों और अन्य अतिथियों में ऊर्जा का संचार किया। मंगलवार को कोर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जया किशोरी के स्वागत भाषण के साथ हुआ।

जया किशोरी ने कहा कि स्कूल और कॉलेज में अंक प्राप्त करना छात्रों का लक्ष्य नहीं होना चाहिए, बल्कि लक्ष्य यह होना चाहिए कि सफल कैसे हों? प्राप्त अंक यह निर्धारित नहीं करते कि आप कितने सफल हैं, सफलता को ज्ञान निर्धारित करता है। कॉलेज से निकलने के बाद आपका ज्ञान और बुद्धिमता आपके विकास को प्रभावित करेगी, न कि अकादमिक क्षेत्र में प्राप्त अंकों को। इस दौरान जया ने परीक्षा के दौरान सात्विक भोजन लेने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। साथ ही युवाओं को समझदारी से दोस्त बनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया। महाकाव्य महाभारत का उदाहरण देते हुए कहा कि व्यक्ति के कृष्ण जैसे मित्र होने चाहिए, जो आपको जीवन में आगे बढ़ाते हैं।

## ट्रेन की चपेट में आने से हाथी की मौत

हरिद्वार। हरिद्वार वन प्रभाग की हरिद्वार रेंज स्थित जमालपुर फाटक के पास हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर एक टस्कर हाथी की मौत हो गई। जबकि दो टस्कर हाथियों को वन विभाग की टीम ने किसी तरह रेलवे ट्रैक से दूर खदेड़ा। मृतक हाथी के शव को पोस्टमार्टम के बाद दफना दिया गया है। हरिद्वार वन प्रभाग की हरिद्वार रेंज के वन क्षेत्राधिकारी दिनेश प्रसाद नौडियाल ने बताया कि बीते सोमवार रात करीब 11:30 बजे मातृ सदन के पीछे स्थित जंगल से तीन टस्कर हाथियों का झुंड जगजीतपुर होते हुए जमालपुर रेलवे फाटक के पास पहुंच गया था। हरिद्वार रेंज के कर्मचारियों की टीम तीनों टस्कर हाथियों का पीछा करते हुए उन्हें जंगल की ओर खदेड़ने का प्रयास कर रही थी। रात्रि करीब 11:45 बजे तीनों हाथियों के झुंड को रेलवे ट्रैक से काफी दूर तक खदेड़ दिया गया था। लेकिन कुछ ही देर बाद हाथियों का झुंड फिर से रेलवे ट्रैक के आसपास पहुंच गया। रात्रि करीब 12:00 बजे जब हरिद्वार की ओर से लक्सर की ओर जा रही हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन जमालपुर रेलवे फाटक से कुछ दूरी पर खंबा नंबर 20/ 22 के पास पहुंची तो एक टस्कर हाथी रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आ गया।

# वन विभाग मुखिया के कार्यालय में मारपीट में फैक्ट्री चालक पर केस

देहरादून। वन विभाग के मुखिया के कार्यालय में मारपीट को लेकर हरिद्वार के फैक्ट्री संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। घटना 15 सितंबर की है। तहरीर 18 सितंबर को डालनवाला कोतवाली में पहुंची। जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डालनवाला कोतवाली के एसएसआई प्रदीप नेगी ने बताया कि राजपुर रोड स्थित वन मुख्यालय में तैनात अनुभाग अधिकारी राम भरोसा ने तहरीर दी। बताया कि 15 सितंबर को शाम 3.10 बजे निशांत एरोमा कंपनी के प्रबंधक आईसी शर्मा प्रमुख वन संरक्षक अनूप मल्लिक से मुलाकत करने पहुंचे। आरोप है कि आईसी शर्मा को रुकने को कहा गया तो उन्होंने जबरन प्रमुख वन संरक्षक कार्यालय में प्रवेश की कोशिश करने लगे। स्टाफ से धक्का मुक्की करते हुए अपशब्दों का प्रयोग करने लगे। स्टाफ के कर्मचारी को गिराने के बाद आईसी शर्मा ने चिल्लाते हुए अत्यंत अभद्र व्यवहार करते हुए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। आरोप है कि वन विभाग फोर्स के मुखिया को बार–बार देख लेने की धमकी दे रहे थे। काफी मशक्कत के बाद उन्हें कार्यालय से बाहर निकाला गया। मामले में पुलिस ने आरोपी आईसी शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते जांच शुरू कर दी है। उधर, आईसी शर्मा का कहना है कि उन्हें अपनी कंपनी से चंदन का तेल विदेश भेजना था। इसके लिए वन मुख्यालय से अनुमति चाहिए थी। जो पहले भी दो बार वह ले चुके हैं। उनका कहना है कि तीन महीने से उन्हें इस अनुमति के लिए चक्कर कटाया जा रहा है। उन्होंने अपनी शिकायत मुख्यमंत्री और वन मंत्री को भेजी है।

## गणेश चतुर्थी पर क्लेमनटाउन में निकली शोभायात्रा

देहरादून। श्री गणेश महोत्सव समिति ने क्लेमनटाउन में मंगलवार को गणपति की शोभायात्रा निकाली। इस दौरान क्षेत्र के काफी लोगों ने इसमें हिस्सा लिया।कैंट बोर्ड क्लेमनटाउन के पूर्व उपाध्या सुनील कुमार ने बताया कि बीते वर्षों की इस तरह इस साल भी यह आयोजन किया गया। गणेश चतुर्थी के मौके पर आयोजित हुई शोभायात्रा में शिव बारात, राधा कृष्ण की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इस मौके पर मेयर सुनील उनियाल गामा, क्षेत्रीय विधायक विनोद चमोली भी शामिल हुए। शोभायात्रा में श्याम पंत, ब्रजेश कुमार, अभिरुचि गुरुंग, मुकुल, प्रदीप कुमार, साकेत गुप्ता, अरुण चौधरी, साधूराम चौधरी, सोमपाल, राजपाल सिंह शामिल रहे।

# घर—घर विराजे भगवान गणेश, हर तरफ गूंजे जयकारे

ऋषिकेश। तीर्थनगरी ऋषिकेश में गणेश महोत्सव की शुरुआत धूमधाम से हुई। घर और मंदिरों में भगवान गणेश की प्रतिमा को विधि–विधान से स्थापित कर पूजन किया गया। वहीं नगर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर भजन–कीर्तन और जागरण भी हुए। मंगलवार को तीर्थनगरी में भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के शुभ अवसर पर गणेश महोत्सव की शुरुआत हुई। लक्ष्मणझूला मार्ग स्थित प्राचीन बगलामुखी पीठ आश्रम में 11 बजे शुभ मुहूर्त पर विधि–विधान से आठ फिट ऊंची गणेश प्रतिमा स्थापित कर पूजन किया गया। इस दौरान आश्रम में महंत राहुलेश्वरनंद गिरी महाराज द्वारा गणेश प्रतिमा का अनावरण कर पूजा आरम्भ करवाई। उन्होंने कहा कि बगलामुखी पीठ में वर्ष 2009 से गणेश महोत्सव मनाया जाता है। इस वर्ष भी 10 दिनों तक चलने वाले महोत्सव में भजन, चित्रकला, आध्यात्मिक विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जिसमें प्रथम अपने वाले को 3100, द्वितीय को 2100 व तीसरे स्थान पर रहने वाले को 1100 रुपये की धनराशि उपहार स्वरूप दी जाएगी। इस अवसर पर वेंकटेश्वरानंद गिरी, कृष्णानंद गिरी, कुनाल जैन, अनिल रतूड़ी, राजेश, नीतू,राघव, कुंवरपाल सिंह व कृष्णकुमार सिंघल आदि उपस्थित रहे। उधर तय मुहूर्त पर मनीराम मार्ग स्थित गणपति सेवा मंडल ऋषिकेश द्वारा गणेश प्रतिमा स्थापित कर भजन कीर्तन का अयोजन किया गया। जिसमें पहले दिन बावरे बैंड मुम्बई के कृष्णा चतुर्वेदी ने गणेश भजनों की मधुर प्रस्तुति दी गई। इस अवस पर आलोक चावला, योगेश, प्रिंस मनचंदा, दक्षेस मनचंदा, हर्षित, सतीष, मोनू, माधव, हेमंत, राघव आदि उपस्थित थे।

नगर क्षेत्र में भी लोगों ने अपने घरों व प्रतिष्ठानों में गणेश प्रतिमा को स्थापित किया। 19 सितंबर से शुरू हुआ यह पर्व 28 सितंबर तक रहेगा।

## कोर्ट से वांछित छह आरोपी गिरफ्तार

विकासनगर। न्यायालय की पेशियों पर हाजिर न होने वाले आरोपियों के खिलाफ कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी होने पर पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया। सहसपुर पुलिस ने विभिन्न आपराधिक मामलों में वांछित चल रहे छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सहसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एनडीपीएस, आबकारी, जुआ ऐक्ट आदि मामलों में कोर्ट से वांछित चल रहे दो महिलाओं सहित छह आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिनमें कुर्बान पुत्र रिजवान निवासी कुरैशी मोहल्ला बड़ा रामपुर, फरमान पुत्र वहीद निवासी ग्राम खुशहालपुर सहसपुर, रोशन लाल पुत्र पुरुषोत्तम दास निवासी धर्मावाला, केशव पुत्र रतन निवासी चकमानसा सिंघनीवाला, इमरत पत्नी पन्ना निवासी सिंघनीवाला व छोटी पत्नी शेर सिंह निवासी शेरपुर थाना सहसपुर शामिल हैं। थानाध्यक्ष सहसपुर गिरीश नेगी ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

# विस्थापित क्षेत्र में जल निकासी के लिए बनाई जाए नालियां



ऋषिकेश। विस्थापित क्षेत्र में जल निकासी नहीं होने से क्षेत्रवासी परेशान हैं। उन्होंने शहरी विकास मंत्री से समस्या के समाधान करवाने को गुहार लगाई है।मंगलवार को विस्थापित क्षेत्र के लोगों ने बैराज स्थित कैंप शहरी विकास मंत्री कार्यालय में ज्ञापन दिया।

लोगों ने कहा कि विस्थापित क्षेत्र में बसे परिवारों को जल निकासी न होने और पथ प्रकाश की व्यवस्था नहीं होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां रात में अंधेरे के चलते गिरने का खतरा बना रहता है। इसके अलावा बरसात के दिनों में जलभराव क्षेत्रवासियों के लिए परेशानी का सबब बनता है। उन्होंने विस्थापित क्षेत्र से लक्कड़ घाट तक नालियां बनाने, लाइटें लगवाने, पेयजल के लिए पाइपलाइन डलवाने की मांग की। मौके पर जगपाल सिंह, सुनील मंडल, सुशील मंडल, रविता, लक्ष्मी मंडल, रंजन गुप्ता, ओमवीर, कविता, कविंद्र, सुमरत, राहुल, मोनू कुमार, बबीता, दीपक, रमेश, सविता, विवेक कश्यप आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### कैंडल मार्च निकालकर अंकिता को श्रद्धांजलि दी

टिहरी : चंबा में कांग्रेसियों ने अंकिता भंडारी के हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग की। अंकिता की हत्या के एक वर्ष बीते जाने पर सोमवार देर शाम को कांग्रेसियों ने चंबा बाजार में कैंडल मार्च निकालकर उसे श्रद्धांजलि दी। पालिकाध्यक्ष सुमना रमोला ने कहा कि अंकिता की हत्या को एक वर्ष बीत गया है, लेकिन उनके परिजनों को अभी तक न्याय नहीं मिल पाया है। सरकार मामले को गंभीरता नहीं ले रही है। जिसके कारण एक वर्ष बाद भी अंकिता के परिजन न्याय के लिये दर दर भटक रहे हैं। कांग्रेस नेता पीयूष उनियाल कहा कि सरकार मामले को जानबूझक लटाकाये हुये है। जिससे से पहाड़ के लोगों में भारी रोष बना है। कहा जब तक अंकिता के हत्यारों को फांसी नहीं हो जाती उनके परिजनों को न्याय नहीं मिल सकता। (एजेंसी)

### क्रिकेटर जाधव ने किए बाबा केदार के दर्शन

रुद्रप्रयाग : भारतीय क्रिकेटर केदार जाधव ने मंगलवार को केदारनाथ पहुंचकर भगवान केदारनाथ के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने मंदिर के पुजारी के साथ फोटो खींची। साथ ही उनके कई फैन फोटों खिंचवाने के लिए आगे पीछे दौड़ते रहे। हालांकि कुछ देर के बाद जाधव वापस लौट गए। जाधव सुबह हेलीकॉप्टर से केदारनाथ धाम पहुंचे। यहां बदरी-केदार मंदिर समिति द्वारा उनका स्वागत किया गया।

### ऑनलाइन गेमिंग से दूर रहे बच्चें

रुद्रप्रयाग : कोतवाली सोनप्रयाग द्वारा राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीतापुर के छात्रों को साइबर अपराध, नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। साथ ही बच्चों से अपने आसपास लोगों को नशे के प्रति जागरूकता संदेश देने की अपील की। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीतापुर के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक कोतवाली सोनप्रयाग राजबर राणा ने बताया कि साइबर अपराध आज के

समय में एक ऐसा अपराध है, जिसमें हम लोभ लालच और झांसे में आकर फंस जाते हैं,

# राज्यपाल ने किया देव संस्कृति विश्वविद्यालय में मुख्य अतिथि प्रतिभाग



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) ने मंगलवार को देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार में ह्यअखण्ड दीपक शताब्दी समारोहः सक्रीय कार्यकर्ता सम्मेलनह्ल में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने पंडित श्री राम शर्मा द्वारा रचित साहित्यों के वियतनामी भाषा में अनुवादित किताबों का विमोचन सहित व अन्य प्रकाशनों का विमोचन किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आज के समय में करोड़ों लोगों के लिए यह शांतिकुंज का पवित्र परिसर एक आध्यात्मिक चेतना का केन्द्र है। राज्यपाल ने कहा कि आज ह्यअखण्ड दीपक शताब्दी समारोहह्ल की शुरूआत हो गई है जो वर्ष 2026 में पूर्ण होगा। इन तीन वर्षों में समारोह का वातावरण रहेगा, सभी परिवार जन अनेक कार्यक्रमों के सहभागी बनेंगे और यह ह्यअखण्ड दीपक शताब्दी समारोहह्ल करोड़ों लोगों को प्रेरणा देने का कार्य करेगा।

उन्होंने कहा कि महापुरुषों के संकल्प कभी भी व्यर्थ नहीं होते, ह्ययुगनिर्माण योजनाह्ल और ह्ययुग परिवर्तन का संकल्पह्ल इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। महापुरुषों के एक संकल्प से सब कुछ संभव हो सकता है। आज हम विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और विश्वगुरु भारत के बड़े संकल्पों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। ये तीनों लक्ष्य एक ही संकल्प की तीन पंखुड़ियां हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि ह्यअखण्ड दीपक शताब्दी समारोहह्ल गुरुदेव की साधना और संकल्पों के अनुरूप युग परिवर्तन और युग निर्माण योजना का साक्षी बनेगा। उन्होंने कहा कि भारत के संकल्पों के बल पर आज एक नये युग में पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है और भारत में आध्यात्म की दिव्य चेतना को खोज रही है।

राज्यपाल ने कहा कि भारत की ज्ञान–विज्ञान परंपरा और योग, आयुर्वेद, संस्कृति एवं जीवन मूल्यों की शिक्षा का प्रसार शांतिकुंज के कार्यकर्ता विश्वभर में कर रहे हैं। शांति कुंज आध्यात्मिक सेनिटोरियम के रूप में लोगों के स्वस्थ शरीर, स्वच्छ मन और सभ्य समाज की परिकल्पना को साकार कर रहा है। उन्होंने कहा कि आप सभी को विचार क्रांति अभियान के माध्यम से पूरे विश्व में भारतीय चिंतन धारा के प्रसार से नैतिक क्रांति, बौद्धिक क्रांति और सामाजिक क्रांति लानी है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बतौर विशिष्ट अतिथि प्रतिभाग करते हुए अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि देव संस्कृति विश्वविद्यालय मानवता के कल्याण के लिये कार्य कर रहा है। जहां पर भी स्वार्थ जुड़ता है, तो वहां पर कल्याण नहीं रह जाता है। इसलिये कल्याण की पहली शर्त है कि हमें स्वार्थ से दूर रहना होगा। उन्होंने कहा कि यह स्थान मन्दिर समान है। आज करोड़ों लोग यहां से ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं, जो वट वृक्ष के रूप में हमारे सामने है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 1926 से जो अखण्ड ज्योति यहां प्रज्वलित हो रही है, वह साधारण ज्योति नहीं है।देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि जिस किसी व्यक्ति के जीवन में सौभाग्य जागता है, तो उन्हें ईश्वरीय कृपा प्राप्त होती है। जैसे नरेंद्र के जीवन में स्वामी रामकृष्ण परमहंस के आने के बाद वे स्वामी विवेकानंद बने। डॉ. पण्ड्या ने कहा कि गायत्री परिवार के लाखों करोड़ों कार्यकत्ता समाजहित में कार्य कर रहे हैं।

गायत्री परिवार समाज में आस्था संकट के अंधकार से ग्रस्त लोगों को जगाने का जुटा है। इस दौरान कुलपति आचार्य ओम प्रकाश शर्मा सहित शांतिकुंज गायत्री तीर्थ के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजयुमो ने किया द्वाराहाट विधायक के खिलाफ प्रदर्शन



ऋषिकेश। भाजपा युवा मोर्चा ने द्वाराहाट के विधायक के खिलाफ हल्ला बोला है। उन्होंने विधायक पर इंजीनियरिंग कॉलेज द्वाराहाट के निदेशक के घर जाकर गाली गलौज करने का आरोप लगाया। मंगलवार को कोयल घाटी तिराहे पर भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने द्वाराहाट के विधायक का पुतला दहन किया। युवा मोर्चा वीरभद्र के अध्यक्ष निखिल बड़थ्वाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि द्वाराहाट के विधायक मदन बिष्ट ने इंजीनियरिंग कॉलेज द्वाराहाट के निदेशक के आवास पर जाकर उनके साथ बदसलूकी की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिससे तमाम छात्र–छात्राओं व युवाओं में आक्रोश पैदा हो गया है। कहा कि विधायक ने इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक के साथ ही मुख्यमंत्री समेत भाजपा के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। उन्होंने कांग्रेस विधायक के अभद्र कृत्य के लिए कड़ी आलोचना की। प्रदर्शन करने वालों में गौरव कैन्थोला, नितिन सक्सेना, सागर शर्मा, त्रिलोक परमार, निखिल बड़थ्वाल, रवि कुमार, शुभम तिवारी, अविनव बडोनी, रचित गोयल, राजीव राणा, सुभाष वाल्मिकी आदि उपस्थित रहे।

## महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण ऐतिहासिक कदम

देहरादून। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल ने कहा कि संसद व विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण का विधेयक ऐतिहासिक है और इससे देश में महिलाएं राजनैतिक तौर पर मजबूत होंगी। महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा में पेश होने के बाद मंगलवार को नौटियाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा में 33 फीसदी आरक्षण मिलने पर महिलाएं मजबूत होंगी। उन्होंने कहा कि इससे महिलाएं आसानी से लोकसभा और विधानसभा में पहुंच पाएंगी। महिलाओं के अधिक संख्या में सदन में होने से उनके मामले प्रमुखता से उठेंगे और इससे पूरे समाज को लाभ मिलेगा।

# ऊर्जा संविदा कर्मचारियों ने शासन के खिलाफ खोला मोर्चा

देहरादून। ऊर्जा के तीनों निगमों में उपनल और स्वयं सहायता समूह के कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। समान काम का समान वेतन न देने का विरोध किया। इसके खिलाफ 27सितंबर को सत्याग्रह शुरू कर चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया। ऊर्जा निगम के ईसी रोड परिसर में हुई कर्मचारी संयुक्त मोर्चे की बैठक में आंदोलन की रणनीति बनी। सहसंयोजक राकेश शर्मा ने कहा कि संविदा, आउटसोर्स कर्मचारी ही तीनों निगमों की असली कमर की रीढ़ हैं। पूरे सप्लाई सिस्टम से लेकर पॉवर हाउस, सब स्टेशन यही कर्मचारी संभाल रहे हैं। बेहद कम वेतन पर सबसे जोखिम भरी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इन कर्मचारियों को समान काम का समान वेतन और नियमितीकरण को लेकर श्रम न्यायालय समेत हाईकोर्ट तक से निर्णय हो चुका है। इसके बावजूद कर्मचारियों को लाभ देने की बजाय सरकार और निगम मैनेजमेंट सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए। कहा कि पिछले दिनों शासन ने पहले उपनल कर्मचारियों को भी स्वयं सहायता समूह के कर्मचारियों की भांति महंगाई भत्ता का लाभ देने का आदेश किया। इस आदेश को 24 घंटे के भीतर ही स्थगित कर दिया गया।

# बेलडा प्रकरण को लेकर धरना दूसरे दिन भी जारी




रुड़की। नगर निगम के बाहर बेलड़ा प्रकरण में मारे गए दोनों युवकों के परिजनों तथा उनके समर्थन में ग्रामीणों का धरना–प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। वक्ताओं ने 12 सूत्रीय समझौते को तत्काल पूरा करने की मांग उठाई। कहा कि समझौता लागू होने तक धरना–प्रदर्शन जारी रहेगा।

नगर निगम के पास बेलड़ा कांड के प्रभावित परिवारों का धरना प्रदर्शन सोमवार की शाम को शुरू हुआ था। अधिवक्ता संजीव वर्मा के साथ धरने पर मृतक पंकज की पत्नी प्रिया और प्रमोद की पत्नी मुनिया देवी अपने बच्चों और अन्य ग्रामीण धरने पर बैठे हैं। पूर्व ब्लाक प्रमुख योगेश कुमार, नेत्रपाल सिंह, कुलदीप सिंह, रणवीर, गौतम, आदेश कुमार, रमेश चंद्र, सोनू और अरुण आदि आदि ने धरना सभा को संबोधित किया।

## सरकारी गेहूं का सुरक्षा कवच बनेगा कीटनाशक और तिरपाल

रुड़की। सरकारी गोदामों में गेहूं की सुरक्षा के लिए तिरपाल और कीटनाशकों की मदद ली जाएगी। एसडब्लूसी कंपनी को कीटनाशक की जिम्मेदारी दी जाएगी।राजकीय गेहूं क्रय केंद्र के ग्यारह गोदाम गढ़वाल मंडल में हैं। हरिद्वार के ज्वालापुर, कोटद्वार, ऋषिकेश और रुड़की में बड़े गोदाम हैं। जहां से प्रत्येक गांव के सरकारी गल्ले पर गेहूं पहुंचता है। गेहूं के गोदामों को मौसम के प्रकोप से बचने के लिए फिलहाल सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं। ऐसे में गेहूं के खराब होने की संभावनाएं बनी है। उप संभागीय विपणन अधिकारी (हरिद्वार) अनु जैकरे ने बताया कि गेहूं गोदाम की सुरक्षा के लिए जल्द तिरपाल और कीटनाशक की व्यवस्था की जाएगी।

# अंकिता के दोषियों को कठोर सजा की मांग



रुड़की। विभिन्न संगठनों ने अंकिता भण्डारी की प्रथम पुण्यतिथि पर शिवाजी चौक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही सरकार से दोषियों को कठोर सजा देने की मांग की। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी संघर्ष समिति के अध्यक्ष हर्ष प्रकाश काला ने कहा कि एक वर्ष बीतने पर भी दोषियों को सजा न दिला पाना दोषियों को राजनीतिक संरक्षण देना प्रतीत होता है।

अधिवक्ता राकेश चौहान ने कहा कि सीएम ने फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाकर दोषियों को सजा दिलाने का आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक अंकिता को न्याय नहीं मिला। कैप्टन देव सिंह सांवत, कैप्टन गौर सिंह भण्डारी ने कहा कि जिस तरह से उत्तर प्रदेश में योगी दोषियों को कठोर सजा दे रहे हैं। उत्तराखंड में भी उसी तरह कठोर दंड और त्वरित न्याय की जरूरत है।

# भाजयुमो ने फूंका द्वाराहाट विधायक मदन सिंह बिष्ट का पुतला



कोटद्वार में द्वाराहाट विधायक का पुतला दहन करते भाजयुमो पदाधिकारी व कार्यकर्ता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : उत्तराखंड विधानसभा की द्वाराहाट सीट से कांग्रेस विधायक मदन सिंह बिष्ट द्वारा इंजीनियरिंग कालेज के निदेशक से की गई अभद्रता व मुख्यमंत्री को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी पर भाजयुमो ने रोष व्यक्त किया है। कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने विधायक का पुतला दहन करते हुए प्रदर्शन किया।

मंगलवार को युवा मोर्चा कार्यकर्ता हिंदू पंचायती धर्मशाला में एकत्रित हुए। तत्पश्चात वे झंडा चौक पहुंचे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शांतनु रावत ने कहा कि विधायक मदन सिंह बिष्ट का व्यवहार कांग्रेस की नीयत को दर्शाता है। चाहे वह कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा प्रधानमंत्री पर की गई टिप्पणी हो या कांग्रेस विधायक द्वारा मुख्यमंत्री तथा कालेज निदेशक के साथ की गई बदजुबानी हो, कांग्रेस हमेशा मर्यादाओं को तार-तार करती रही है। कहा कि ऐसे व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पुतले को आग के हवाले कर दिया। पुतला दहन में नगर अध्यक्ष पंकज भाटिया, जिला महामंत्री युवा मोर्चा हेमंत गौड़, शुभम रावत, जिला उपाध्यक्ष संजय भंडारी, जिला मंत्री अग्रज जुयाल, आशीष केष्टवाल, नगर मंडल अध्यक्ष विजय रावत, सुखरो मंडल अध्यक्ष विराट सुंद्रियाल, भाबर मंडल अध्यक्ष मुकुल नेगी, नमन भटनागर, अंकित नेगी, दीपक शर्मा और रोहित कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## रिखणीखाल महोत्सव कार्यकारीणी का हुआ गठन

कोटद्वार : प्रवासी रिखणीखाल वासियों की पदमपुर स्थित एक बारातघर के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कोटद्वार में आयोजित होने वाले रिखणीखाल महोत्सव के लिए द्विवर्षीय कार्यकारिणी का गठन किया गया।

कार्यकारिणी में ठाकुर सिंह रावत अध्यक्ष, भगवती मैंदोला, राजेंद्र रावत, शोभा रावत, दीपक कुमार, देव सागर उपाध्यक्ष, अमित नेगी कोषाध्यक्ष, राकेश देवरानी व आनंद प्रकाश सचिव, विलास देवरानी और लक्ष्मी नेगी महासचिव चुने गये। धनपाल सिंह रावत को लेखा जोखा और मुकुल नेगी को मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। जबकि श्यामा प्रसाद कोटनाला, वीरेंद्र भारद्वाज, चंद्रेश लखेड़ा, योगेंद्र नेगी, आशीष बलोधी, शशि गुंसाई, श्रवण कुमार और शिवदयाल नेगी को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया।

# आमजन से मित्रों जैसा व्यवहार रखे पुलिस



सतपुली थाने का निरीक्षण करते सीओ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : सीओ पौड़ी ने मंगलवार को सतपुली थाने का निरीक्षण किया और थाना परिसर में माल मुकदमाती वाहनों का निस्तारण करने के निर्देश एसओ को दिए। इस दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों को आमजन से मित्रों जैसा व्यवहार रखने के भी निर्देश दिए।

सीओ ने अभिलेखों को चेक करने सहित शस्त्रागार, मालखाना, बैरिक, मेस, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, सीसीटीएनएस, सीसीटीवी कैमरे आदि को भी देखा। मालगृह में मौजूद सरकारी सम्पत्ति एवं शस्त्र आदि का सत्यापन किया गया। इस दौरान अस्लाह, कारतूस की जानकारी लेकर उनकी हैंडलिंग भी करवाई गई।

थाने पर आपदा प्रबंधन से संबंधित सामग्री का निरीक्षण कर उनकी उपयोगिता के बारे में कार्मिकों को बताया गया। निरीक्षण के बाद सीओ एसडी नौटियाल ने डीजी उत्तराखण्ड और एसएसपी की प्राथमिकताओं की जानकारी दी। कहा कि पुलिस को जनता के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना होगा। थाने पर मौजूद अधिकारी एवं कर्मचारियों की समस्याएं भी सीओ ने सुनी। इसके साथ ही थाना क्षेत्र के सीएलजी मेंबर, व्यापार मंडल, टैक्सी यूनियन व गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक भी की गई।

# कैंडल मार्च निकालकर अंकिता भंडारी को दी श्रद्धांजलि

## एक वर्ष बाद भी न्याय नहीं मिलने पर कांग्रेस ने जताया रोष




कोटद्वार में कैंडल मार्च निकालते कांग्रेसी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : जिला कांग्रेस व महिला कांग्रेस ने अंकिता हत्याकांड की बरसी पर सोमवार देर शाम को कैंडल मार्च निकालकर अंकिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान वक्ताओं ने अंकिता के परिवार जनों को अब तक न्याय न मिलने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

जिला व महिला कांग्रेस कार्यकर्ता सोमवार देर शाम को जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष रश्मि पटवाल के नेतृत्व में मालवीय उद्यान में एकत्रित हुए। तत्पश्चात वे मशाल जुलूस के साथ झंडाचौक पहुंचे और अंकिता के चित्र के सम्मुख कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि अंकिता भंडारी के जघन्य हत्याकांड को एक साल बीतने के बाद भी भाजपा सरकार पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने में विफल रही है।

कहा कि इस हत्याकांड का मुख्य आरोपी भाजपा के पूर्व मंत्री का बेटा है, इसलिए सरकार उसको बचाने की कोशिश कर रही है।

इस मौके पर अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच करवाकर उसके परिजनों को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की गई और ऐसा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री पूनम कैंत्यूरा, प्रदेश सचिव नीलम रावत, बलबीर सिंह रावत, जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, प्रवेश रावत, आशा चौहान, पिंकी नेगी, गोपाल गुंसाई, अमित राज सिंह और शिवम भूषण सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रोजगार मेला 24 को

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कोटद्वार में शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने हेतु क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लैन्सडाउन द्वारा 24 सितम्बर को देवी रोड स्थित श्री गुरु राम राय इण्टर कॉलेज में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा।

क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी लैंसडौन ममता चौहान नेगी ने बताया कि उत्तराखण्ड युवा महोत्सव-2023 के तहत कोटद्वार में रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। जिसमें विभिन्न कम्पनियों द्वारा हेल्पर, ऑपरेटर, ट्रेनी असिस्टेंट मैनेजर, ड्राइवर, सेल्स एक्जीक्यूटिव, फार्मासिस्ट, एएनएम, जीएनएम, सिक्योरिटी गार्ड आदि पदों के सापेक्ष अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा।

आयु सीमा 18-35 वर्ष रखी गई है। बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपनी शैक्षिक योग्यता के समस्त मूल प्रमाण पत्र व छाया प्रतिलिपि, बायोडाटा एवं 02 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ उपस्थित हो सकते हैं। बताया कि अभ्यर्थियों का उत्तराखंड सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है।

## अंकिता भंडारी को दी कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि

**श्रीनगर गढ़वाल** : आइसा छात्र संगठन की ओर से सोमवार देर शाम को गढ़वाल विवि गेट पर अंकिता भंडारी हत्याकांड के एक वर्ष बीतने पर कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने आरोपियों के खिलाफ नारेबाजी की एवं सरकार से अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग की। मौके पर भाकपा माले के राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी ने कहा कि बड़े दुःख की बात है कि एक वर्ष बाद भी पहाड़ की बेटी को न्याय नहीं मिल पाया है। यह प्रदेश सरकार का नारी सुरक्षा के प्रति उदासीन रवैया दर्शाता है। छात्रसंघ उपाध्यक्ष रोबिन सिंह असवाल, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अंकित उछोली, समरवीर, प्रियंका खत्री, हिमांशी नौटियाल, उदित कुमार, अतुल सती, बीना, आशुतोष नेगी, प्रत्युष आदि मौके पर मौजूद रहे। (एजेंसी)

# पूजा अर्चना के बाद विराजमान हुए गणपति

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भाबर क्षेत्र के पदमपुर मोटाढाक स्थित रोहित अग्रवाल सरस्वती विद्यामंदिर इंटर कालेज में गणेश चतुर्थी के अवसर पर मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भगवान गणेश की मूर्ति पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए विराजमान की गई।

तत्पश्चात छात्राओं ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। साथ ही हेमन्त रिखाड़ी, कु. सिद्धि, ईशान, सुमित, कंचन सुयाल, निक्की खंतवाल, सुमित तथा अनुराग डबराल ने श्री गणेश के जन्म से सम्बंधित प्रसंग सुनाया। मुख्य वक्ता आचार्य कविता रावत ने देवताओं में श्रेष्ठता के द्योतक श्री गणेश के जन्म से सम्बंधित प्रसंग सुनाया।

प्रधानाचार्य कुंज बिहारी भट्ट ने कहा कि भगवान गणेश इस सृष्टि के प्रथम पूजनीय हैं, हम जब कभी भी पूजा या अर्चना करते हैं तो सर्वप्रथम श्री गणेश का ही आह्वान करते हैं। बताया कि यह उत्सव सर्वप्रथम महाराष्ट्र में शिवाजी महाराज द्वारा प्रारम्भ किया गया था, जो कि आज सम्पूर्ण भारत में मनाया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# ढोल नगाड़ों के साथ निकाली गणपति शोभा यात्रा



लैंसडौन में गणेश शोभा यात्रा निकालते सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पर्यटन नगरी लैंसडौन में ढोल-नगाड़ों के साथ गणपति की शोभा यात्रा नगर क्षेत्र में निकाली गई। इस मौके पर हिंदू पंचायती धर्मशाला में गणपति मूर्ति का पूजन कर भक्त गीतों पर जमकर झूमे।

मंगलवार को सेवायोजन कार्यालय से सिद्धि विनायक श्री कालेश्वर महादेव समिति के तत्वाधान में कलश यात्रा व शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा गांधी चौक से सदर बाजार होते हुए हिंदू पंचायती धर्मशाला पहुंची। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तों ने शोभा यात्रा के साथ कलश यात्रा भी निकाली। गणपति के गीतों पर शोभा यात्रा के दौरान भक्तों ने जयकारे भी लगाए। शोभा यात्रा हिंदू पंचायती धर्मशाला पहुंचने पर गणपति मूर्ति का पूजन के बाद शाम को आरती का आयोजन किया गया। समिति ने बताया कि पांच दिवसीय महोत्सव के दौरान महिला मंगल दलों के भजन कीर्तिन के अलावा बाल कलाकारों व नगर क्षेत्र के बच्चों के विभिन्न कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र होंगे। जबकि, महोत्सव के दौरान डांडिया कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। 23 सितंबर को सतपुली के व्यास चट्टी में हवन के बाद मूर्ति का विर्सजन होगा। इस दौरान समिति के राजेश्वर गुप्ता, अनूप कन्नौजिया, सुमन बिष्ट, मयंक अग्रवाल, देवेंद्र वर्मा, मानसिंह, संदीप अग्रवाल, सुमित्रा नेगी, आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

# सफाई कर्मचारियों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**श्रीनगर गढ़वाल** : नगर निगम श्रीनगर में आउटसोर्स के माध्यम से लगे सफाई कर्मियों का कार्य बहिष्कार एवं धरना मंगलवार को चौथे दिन भी जारी रहा।

सफाई कर्मचारियों ने कहा कि उन्हें जल्द ईपीएफ और ईएसआई का लाभ दिया जाए। साथ ही मुख्यमंत्री की घोषणानुसार 500 प्रतिदिन की दर पर मानदेय का भुगतान व वेतन को तीन केटेगिरी बनाए जाने सबंधी मामले पर यदि जल्द कार्यवाही नहीं होती है तो सफाई कर्मचारी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

मंगलवार को धरने में बैठे सफाई कर्मचारियों को अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार ने अपना समर्थन दिया। कहा कि फर्म द्वारा कर्मचारियों का शोषण व उनके हक हकूकों का हनन किया जा रहा है। जिससे किसी भी हद में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस मौके पर उन्होंने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर नगर आयुक्त को ज्ञापन भी दिया। ज्ञापन में संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार एवं प्रदेश महासचिव मनोज कुमार सिरसवाल ने कहा कि नगर निगम श्रीनगर में आउटसोर्स के माध्यम से सफाई कर्मचारियों को विगत तीन वर्षों से ईपीएफ एवं ईएसआई का लाभ नहीं दिया गया है। इस मौके पर जयपाल टांक, अनुज कुमार, रोहित कुमार, लक्की कुमार, रंजीत कुमार आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# आउटसोर्स कर्मचारियों ने काम पर लौटने पर जताई सहमति

**जयन्त प्रतिनिधि**

**पौड़ी** : जीबी पंत इंजीनियरिंग कॉलेज घुड़दौड़ी के आउटसोर्स कर्मचारियों की संस्थान, जिला प्रशासन, आउटसोर्से एजेंसी के बीच वार्ता हुई। इस दौरान आउटसोर्स कर्मचारियों ने काम पर वापस आने की सहमति जताई। डीएम ने कहा कि सभी आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याएं प्राथमिकता के साथ हल की जाएगी।

बीते करीब 19 दिनों से आउटसोर्स एजेंसी के अधीन काम करने के विरोध में जीबी पंत इंजीनियरिंग कालेज घुड़दौड़ी के आउटसोर्स कर्मचारी कार्य बहिष्कार पर चले गए थे।

मंगलवार को कर्मचारियों की डीएम, विधायक, संस्थान प्रशासन व आउटसोर्स एजेंसी के साथ डीएम कार्यालय में वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान डीएम डा. आशीष चौहान ने कहा कि शासन के आदेश पर आउटसोर्स एजेंसी का चयन किया गया है। जिसका सभी को पालन करना होगा। कहा कि वे आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्या के हल के लिए शासन तक वार्ता करेंगे।

इस दौरान उन्होंने विस्तार से आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याएं भी सुनी। डीएम ने आउटसोर्स कर्मचारियों से जल्द काम पर लौटने की अपील भी की। डीएम ने आउटसोर्स एजेंसी के प्रतिनिधि को आउटसोर्स कर्मचारियों के साथ बैठक कर उन्हें नियमानुसार सभी लाभ देने के निर्देश भी दिए। जिस पर आउटसोर्स कर्मचारियों ने काम पर वापस आने की सहमति जताई। विधायक राजकुमार पोरी ने कहा कि वे आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्या हल करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इस मौके पर एसएसपी श्वेता चौबे, विपिन, पंकज रावत आदि मौजूद रहे।

## न्याय नहीं मिलने पर कोर्ट जाने की दी चेतावनी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**सतपुली** : नगर पंचायत सतपुली के वार्ड संख्या 2 के सभासद थामेश्वर कुकरेती ने नगर पंचायत कार्यालय पर सूचना के अधिकार के तहत गुमराह करने वाली जानकारी देने व परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज करने में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने अपीलीय अधिकारी के यहां से भी न्याय नहीं मिलने पर कोर्ट हाने की चेतावनी दी है।

मंगलवार को पत्रकार वार्ता में थामेश्वर कुकरेती ने कहा कि उनके द्वारा नगर पंचायत के अस्तित्व में आने के बाद परिवार रजिस्टर में दर्ज परिवारों के विषय सहित विभिन्न विकास कार्यों से संबंधित 12 बिंदुओं पर आरटीआई में जानकारियां मांगी गई थी। इस विषय में नगर पंचायत की लोक सूचना अधिकारी एवं नगर पंचायत की ईओ सीमा रावत ने उन्हें भ्रामक जानकारियां दी। उन्होंने इस संबंध में अपीलीय अधिकारी एसडीएम सतपुली के यहां गुहार लगाई है। साथ ही चेतावनी देते हुए कहा कि उन्हें यदि अपीलीय अधिकारी के यहां से भी न्याय नहीं मिला तो वह कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। वहीं, नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी सीमा रावत का कहना है कि गत वर्ष से उनके कार्यभार संभालने के बाद से सभी परिवार रजिस्टर में दर्ज नाम नियमावली के हिसाब से चढ़ाए गए हैं। इससे पूर्व में दर्ज नामों पर आपत्ति दर्ज होने के बाद जांच कर उन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जबकि अन्य बिंदुओं की जानकारी भी सूचना अधिकार अधिनियम के तहत दी गई हैं।

# बच्चों के स्वास्थ्य के विशेष ध्यान रखें : पोरी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : बाल विकास विभाग के तत्वाधान में आगामी 30 सितंबर तक सभी आंगनबाड़ी और जिला स्तर पर पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पोषण से संबंधित गतिविधियों की जानकारी महिलाओं को दी जा रही हैं। पोषण माह की थीम सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत है। बाल विकास विभाग के अनुसार कार्यक्रमों के आयोजन में जनपद पौड़ी गढ़वाल प्रदेश भर में तीसरे स्थान पर है।

मंगलवार को पौड़ी प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने हिस्सा लिया। विधायक ने गर्भवती महिलाओं और धात्रियों को सही पोषण की जानकारी देते हुए अच्छी सेहत के बारे में बताया। कहा कि जब स्वयं स्वस्थ रहेंगे तो बच्चा भी स्वस्थ रहेगा। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं से कहा कि अपने स्वास्थ्य के साथ-साथ अपने बच्चों के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। इस दौरान उन्होंने बच्चों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार वितरण भी किया। जिला बाल विकास अधिकारी देवेंद्र थपलियाल ने कहा कि 1 से 30 सितंबर तक चलने वाले पोषण माह में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गोद भराई, अन्नप्राशन, पोषण गोष्ठी, पोषण पेंटिंग सहित अन्य कार्यक्रम शामिल है। बताया कि अभी तक आंगनबाड़ी व जनपद स्तर पर 22 हजार से ज्यादा कार्यक्रम हो चुके हैं। कार्यक्रमों के आयोजन में जनपद पौड़ी गढ़वाल प्रदेश भर में तीसरे स्थान पर है। बाल विकास विभाग द्वारा तीन चरणों में बच्चों की प्रतियोगिता भी कराई जा रही है, जिसमें 6 माह से 1 साल , 1 से 3 साल व 3 से 6 साल के बच्चे शामिल हैं। जो बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ होगा उन्हें पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरित भी किए जा रहे हैं। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच की जा रही है।

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर बैठक 24 को

**श्रीनगर गढ़वाल** : राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा (एनओपीआरयूएफ) शाखा श्रीनगर की 24 सिंतबर को जीजीआईसी श्रीनगर में बैठक आहुत की गई है। शाखा अध्यक्ष राकेश रावत और मंत्री मनोज भंडारी ने कहा कि 1 अक्टूबर को राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा उत्तराखंड के द्वारा देहरादून में पुरानी पेंशन बहाली के लिए काला दिवस मनाया जाना है।

इस दौरान एक रैली का आयोजन कर मुख्यमंत्री आवास का घेराव कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें पूरे प्रदेश से अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी भारी संख्या में भाग लेंगे। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा गढ़वाल मंडल के प्रभारी संयोजक जसपाल सिंह गुसांई ने कहा कि संयुक्त मोर्चा लगातार पांच सालों से सड़क से लेकर दिल्ली संसद तक रैली, धरना व प्रदर्शन आयोजित कर चुका है लेकिन सरकार पुरानी पेंशन की मांग पर विचार नहीं कर रही है। कहा कि अल्प समय के लिए विधायक और सांसद बनने पर उनको पेंशन दी जाती है। जबकि कर्मचारी और अधिकारियों को 30 से 40 साल की सेवा के बाद खाली घर भेजा जा रहा है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। (एजेंसी)

# इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों और कर्मचारियों ने निकाला जुलूस



अल्मोड़ा। इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक डॉ. केकेएस मेर के घर जाकर उन्हें धमकाने और गाली–गलौज करने के मामले में कांग्रेस विधायक मदन बिष्ट के खिलाफ छात्रों में आक्रोश है। विधायक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए इंजीनियरिंग कॉलेज के कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार किया। कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ कर्मचारियों ने कार्रवाई की मांग करते हुए जुलूस निकालकर कस्बे की तीनों सड़कों को जाम कर दिया।

विदित हो कि सोमवार सुबह करीब नौ बजे गौचर तिराहे पर कॉलेज के छात्र–छात्राओं तथा कर्मचारियों ने विधायक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की तथा मांग को लेकर धरने में बैठ गए। जिससे गोचर, रानीखेत और द्वाराहाट की सड़कों पर आवाजाही बंद हो गई जिससे गाड़ियों का जाम भी लग गया।

## महिला टेबल टेनिस में एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी विजेता

काशीपुर। चंद्रावती तिवारी कन्या महाविद्यालय में आयोजित कुमाऊं विवि अंतर महाविद्यालयी महिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता में डीएसबी परिसर नैनीताल को हराकर एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी की टीम विजेता रही। मंगलवार को कॉलेज में आयोजित महिला टेबिल टेनिस प्रतियोगिता में तीन टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता कुल नौ मैच खेले गये। डीएसबी परिसर नैनीताल और एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। इस दौरान शानदार प्रदर्शन कर हल्द्वानी की टीम विजेता और नैनीताल उप विजेता रही। प्राचार्या डॉ. कीर्ति पंत, एसो. प्रोफेसर डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय ने विजेता एवं उप विजेता टीम को पदक और ट्राफी देकर पुरस्कृत किया।



## युवक को सट्टा पर्ची और नगदी के साथ गिरफ्तार किया

रुद्रपुर। पुलिस ने एक युवक को सट्टा पर्ची और नगदी के साथ गिरफ्तार किया है। बाजार चौकी प्रभारी संदीप पिलख्वाल अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि इमामबाड़ा के पास चंद्रवाटिका जाने वाली गली में एक युवक सट्टा लगा रहा है। पुलिस को देख आरोपी भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम मो. असलम उर्फ असलम बीड़ी निवासी कुरैशी मस्जिद इस्लामनगर बताया।

# पीलीभीत रोड किनारे रह रहे 16 लोगों को बेदखली का नोटिस

रुद्रपुर। वन विभाग खटीमा ने पीलीभीत रोड के किनारे बैठे 16 अतिक्रमणकारियों को बेदखली का नोटिस जारी किया है। इसके बाद यहां के लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

वन विभाग अतिक्रमणकारियों के जवाब का इंतजार कर रहा है। पीलीभीत रोड के किनारे 16 से अधिक लोगों ने दुकानें, मकान और टिन शेड डालकर अतिक्रमण कर रखा है। इसपर वह वर्षों से काबिज हैं। हाल ही में वन विभाग, राजस्व, लोक निर्माण विभाग के सर्वे में पीलीभीत रोड के किनारे की भूमि वन विभाग की निकली थी। इसके बाद से वन विभाग कार्रवाई में जुटा हुआ था। हालांकि यहां बसे लोगों ने इसका विरोध भी किया और अतिक्रमण हटाने से पूर्व दूसरी जगह बसाने की मांग की। वहीं कुछ दुकानदारों ने न्यायालय का स्टे होने की बात भी कही थी। रेंज अधिकारी महेश चंद्र जोशी ने नोटिस जारी करने की पुष्टि करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की बात कही है। मामले में एसडीओ संतोष पंत ने बताया की 16 अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा है। जवाब आने के बाद ही आगे की कार्रवाई वन अधिनियम के तहत की जाएगी।

## उचौलीगोठ में हाथी ने धान की फसल रौंदी

चम्पावत। उचौलीगोठ गांव में हाथी ने काश्तकार की खेतों में खड़ी धान की फसल चौपट कर दी। काश्तकारों ने गांव में सोलर फेंसिंग लगाए जाने की मांग की है।

रात उचौलीगोठ गांव में हाथी ने काश्तकार की खेतों में खड़ी धान की फसल रौंद दी।

## कंप्यूटर ऑन व्हील का शुभारंभ किया

चम्पावत। डीएम नवनीत पांडेय ने कंप्यूटर ऑन व्हील वाहन का शुभारंभ किया। इस वाहन से दूरस्थ क्षेत्रों के स्कूलों में जाकर छात्र छात्राओं को कंप्यूटर की शिक्षा दी जाएगी। मंगलवार को सीएम कैंप कार्यालय में डीएम ने कंप्यूटर ऑन व्हील वाहन को झंडी दिखा कर रवाना किया। डीएम ने कहा कि वाहन से दूरस्थ क्षेत्रों इंटरनेट और अन्य सुविधाओं का अभाव झेल रहे बच्चों को सहूलियत मिल सकेगी। ये वाहन पिटकुल ने सीएसआर मद से दिया है। कार्यक्रम में चम्पावत की ब्लॉक प्रमुख रेखा देवी, बाराकोट की विनीता फत्र्याल, पालिकाध्यक्ष विजय वर्मा, सीईओ आरसी पुरोहित, श्याम पांडेय, शंकर पांडेय, सुनील पुनेठा, गौरव पांडेय, सूरज प्रहरी, गोविंद सामंत आदि मौजूद रहे।

# रामलीला के कलाकार सात घन्टे कर रहे अभ्यास

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा कर्नाटक खोला की विख्यात रामलीला को भव्य बनाने के लिए कलाकार लगातार सात घण्टे का अभ्यास कर रहे हैं।

श्री रामलीला कमेटी कर्नाटक खोला के सभागार में प्रत्येक दिन सायं चार बजे से रात्रि ग्यारह बजे तक प्रशिक्षण चल रहा है। श्री रामलीला कमेटी कर्नाटक खोला के संस्थापक, संयोजक वरिष्ठ रंगकर्मी बिट्टू कर्नाटक ने बताया कि कर्नाटक खोला रामलीला कमेटी में इस बार भी रामलीला के साथ साथ तीन दिवसीय महिलाओं की रामलीला पृथक से आयोजित की जाएगी। रामलीला भवन के सभागार में नियमित रामलीला एवं मंच सभागार में महिलाओं की रामलीला की अलग अलग तालीम कलाकारों द्वारा आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि रामलीला के अधिकतर किरदार तय कर दिये गये हैं तथा दर्जनों की संख्या में नये युवा जो इस बार श्री रामलीला कमेटी कर्नाटक खोला से जुड़ रहे हैं उनकी योग्यता के आधार पर शीघ्र ही उनके किरदार भी तय कर दिये जाएंगे। उन्होंने कहा कि श्री रामलीला कमेटी कर्नाटक खोला का उद्देश्य संस्कृति के प्रचार प्रसार के साथ उन कलाकारों को भी मंच प्रदान करना है जो इसमें रूचि रखते हैं।



# युवक पर फायरिंग मामले में एक गिरफ्तार



रुद्रपुर। बीती 15 सितंबर को युवक पर फायरिंग मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर एक को गिरफ्तार कर लिया है। तीन आरोपी फरार चल रहे हैं। हरभजन सिंह पुत्र मंजीत सिंह निवासी रेलवे कॉलोनी वार्ड छह किच्छा ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि बीती 15 सितंबर रात वह अपने दोस्त योगेश राजपूत के साथ पुरानी गल्ला मंडी से अपने घर जा रहे था। इसी दौरान रेलवे स्टेशन के निकट बाइक सवार चार युवकों ने उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि उनमें से एक युवक ने हरभजन को जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया। इस घटना में हरभजन बाल–बाल बच गया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## डिग्री कॉलेज में सफाई अभियान चलाया

चम्पावत। टनकपुर डिग्री कॉलेज में छात्र संघ पदाधिकारियों ने स्वच्छता अभियान चलाया। गणेश चतुर्थी के अवसर पर छात्र नेता हर्षित शर्मा के नेतृत्व में चलाए गए स्वच्छता अभियान के तहत कॉलेज परिसर की सफाई की गई। इस दौरान एनएसएस प्रभारी डॉ सुषमा मक्कड़ भी मौजूद रहीं। कॉलेज में उपस्थित छात्र–छात्राओं ने सफाई अभियान में भाग लिया। यहां खुशी चंद, विवेक पांडेय, सन्नी यादव, भूमिका बोहरा, मो़ हारुन, रागनी बिष्ट, तनुजा, हुमैरा, दीपा दास, अदित्य, कविता, नेहा, सौम्य आदि रहे।

## भाजपा व अभाविप ने फूंका द्वाराहाट के विधायक का पुतला



बागेश्वर। भाजपा व अभाविप कार्यकर्ताओं ने द्वाराहाट के कांग्रेस विधायक मदन बिष्ट का पुतला दहन किया। कार्यकर्ता मंगलवार की सुबह 11 बजे एसबीआई तिराहे पर एकत्रित हुए। यहां जोरदार नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। इसके बाद विधायक बिष्ट के पुतले को आग के हवाले किया। बिष्ट पर इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य के साथ दुर्व्यहार करने व सीएम के खिलाफ अर्नगल बयानबाजी का आरोप लगाया है। इस मौके पर परिषद व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गणेश महोत्सव के अवसर पर निकाली भव्य शोभा यात्रा निकाली



रुद्रपुर। गणपति सेवा समिति की ओर से मंगलवार को गणेश महोत्सव के उपलक्ष्य में शक्तिफार्म से ढोल–नगाड़ों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा महाराणा प्रताप चौक से शुरू हुई। इसमें भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल और पालिकाध्यक्ष हरीश दुबे ने शिरकत की। शोभायात्रा नगर के खटीमा मार्ग से मौनी बाबा मंदिर होते हुए रामलीला मैदान पहुंची। यहां मंच पर प्रतिमा की स्थापना की गई। समिति के अध्यक्ष दयानंद सिंह ने बताया कि 24 सितंबर तक प्रतिदिन रामलीला मैदान में सुबह आठ बजे से और सायं आठ बजे तक पूजन व भजन संध्या का आयोजन होगा। इसमें गायक सचिन सुरीला श्रीवास्तव, पवन दीक्षित व ऋषभ दीक्षित भजनों की प्रस्तुति देंगे। 24 सितंबर को दोपहर दो बजे मूर्ति विसर्जन होगा। वहां समिति के महामंत्री प्रकाश मित्तल, कोषाध्यक्ष प्रदीप चिटकारा, संपतराम, पवन अग्रवाल, रमेश गुप्ता, शिवम साहू, मीना अरोरा, बीना साहू आदि मौजूद थे। संचालन व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने किया।

## सफाई नायक ने महिला सभासद से की अभद्रता, केस दर्ज

काशीपुर। महिला सभासद ने सफाई नायक के खिलाफ अभद्रता कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है।

वार्ड नंबर एक मो. दिल्ला सिंह निवासी सभासद रूपा देवी ने कहा कि 12 सितंबर को वह अन्य सभासदों के साथ नगर पालिका सभागार में बैठी थी। तभी सफाई नायक अरविंद कुमार निवासी मो. नत्था सिंह वहां आया। उसने सफाई नायक से मोहल्ले में सफाई को लेकर बात की। आरोप है कि इस पर वह भड़क गया और उनके साथ अभद्रता की। आरोपी ने सबके सामने उससे अभद्र टिप्पणी कर मारपीट की धमकी दी। सभासद ने आरोपी से जान का खतरा बताया है। पुलिस ने आरोपी को धारा 41 क का नोटिस देकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बेहड़ ने 30 लाख के विकास कार्यो का किया लोकार्पण



रुद्रपुर। विधायक तिलकराज बेहड़ ने विभिन्न स्थानों पर तीस लाख रुपये की लागत से हुए निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने बेहड़ का फूलमालाओं से स्वागत किया। मंगलवार को बेहड़ ने वीरशिवा स्कूल के निकट विधायक निधि के 4.82 लाख रुपये की लागत से बनी सीसी रोड, ग्राम पटेरी में विधायक निधि के 4.99 लाख की लागत से निर्मित सार्वजानिक हाल और राज्य वित्त योजना के 19.80 लाख रुपये से बनी दो सड़कों का लोकार्पण किया।

बेहड़ ने कहा कि राज्य में उनकी सरकार नहीं है, लेकिन इसके बावजूद वह अनेक योजनाओं के अंतर्गत किच्छा विधानसभा में विकास कार्यों को सफलता पूर्वक पूरा कर रहे हैं।

इस दौरान नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, गुड्डू तिवारी, सुनील ठाकुर, ओमप्रकाश दुआ, सईदुल रहमान, एनयू खान, अशोकमित्रा, अफसार कुरैशी, ताहिर मलिक, सुनीता कश्यप, नन्दलाल गौतम, त्रिपतपाल सिंह, अकीलअहमद आदि थे।

## महिला आरक्षण बिल संसद में पेश करना मोदी सरकार का ऐतिहासिक कदमः ज्योति साह मिश्रा

अल्मोड़ा। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ज्योति साह मिश्रा ने कहा कि मोदी सरकार ने महिला आरक्षण बिल संसद में पेश कर ऐतिहासिक कदम उठाया है। अब देश की आधी आबादी नीति निर्धारण में अपनी अहम भूमिका निभाएगी। बिल के आने के बाद लोकसभा की 180 और राज्यसभा की 83 सीटें महिलाओं को मिलेंगी। उत्तराखंड की विधानसभा में 23 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। मंगलवार को राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ज्योति साह मिश्रा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि आजादी के बाद से ही देश की विधानसभाओं, संसद में आधी आबादी को प्रतिनिधित्व देने के लिए संघर्ष हुए। आज सपना साकार हुआ है। महिलाओं को सम्मान देने और नीति निर्धारण में अहम भूमिका निभाने में योगदान देने के लिए मोदी सरकार का यह कदम सराहनीय है। उन्होंने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार ने आते ही पहले बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान चलाकर अपनी मंशा साफ कर दी। आज आरक्षण बिल पेश कर महिला सशक्तिकरण का एक नया अध्याय शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत की संसद में फिलहाल 78 महिला सांसद हैं। इसमें लोकसभा में केवल 14 फीसदी महिला सांसद हैं। वहीं, राज्यसभा में केवल 11 फीसदी महिला सांसद हैं। आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, ओडिशा, सिक्किम, तमिलनाडु, तेलंगाना, त्रिपुरा और पुडुचेरी सहित कई राज्य विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 10 फीसदी से कम है।

उपाध्यक्ष साह ने कहा कि इंटर पार्लियामेंट्री यूनियन की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक संसद में महिला प्रतिनिधित्व के मामले में भारत 193 देशों में 144वें नंबर पर हैं।

### खटीमा में एक सट्टेबाज को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रुद्रपुर। पुलिस ने एक युवक को सट्टा पर्ची और नगदी के साथ गिरफ्तार किया है।

बाजार चौकी प्रभारी संदीप पिलख्वाल अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि इमामबाड़ा के पास चंद्रवाटिका जाने वाली गली में एक युवक सट्टा लगा रहा है। पुलिस को देख आरोपी भागने लगा।

### बेहड़ ने 30 लाख के विकास कार्यो का किया लोकार्पण

रुद्रपुर। विधायक तिलकराज बेहड़ ने विभिन्न स्थानों पर तीस लाख रुपये की लागत से हुए निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने बेहड़ का फूलमालाओं से स्वागत किया। मंगलवार को बेहड़ ने वीरशिवा स्कूल के निकट विधायक निधि के 4.82 लाख रुपये की लागत से बनी सीसी रोड, ग्राम पटेरी में विधायक निधि के 4.99 लाख की लागत से निर्मित सार्वजानिक हाल और राज्य वित्त योजना के 19.80 लाख रुपये से बनी दो सड़कों का लोकार्पण किया।

बेहड़ ने कहा कि राज्य में उनकी सरकार नहीं है, लेकिन इसके बावजूद वह अनेक योजनाओं के अंतर्गत किच्छा विधानसभा में विकास कार्यों को सफलता पूर्वक पूरा कर रहे हैं।

# 1.44 लाख की स्मैक के साथ 2 युवक गिरफ्तार

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा नगर में एसओजी व एएनटीएफ टीम ने 14.42 ग्राम स्मैक के साथ 02 युवकों को पकड़ा है।

जनपद के एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु द्वारा "ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025" को सफल बनाने के उद्देश्य से जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं एसओजी तथा एएनटीएफ टीम को नशे के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री करने वाले नशा तस्करों पर कड़ी कार्यवाही किये जाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

क्षेत्राधिकारी अल्मोड़ा विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण में जनपद की एसओजी व एएनटीएफ टीम द्वारा सोमवार को तलाशी अभियान के दौरान अल्मोड़ा एडम्स स्कूल के पास वाहन बुलेट संख्या–यूके01– 4282 में सवार अभियुक्त शौर्य पाण्डे (30 वर्ष) पुत्र नन्द किशोर पाण्डे, निवासी बिरौड़ा, कौसानी, जनपद बागेश्वर के कब्जे से 10.12 ग्राम स्मैक व 01 इलेक्ट्रानिक तराजू तथा अभियुक्त अंकित सिंह (24 वर्ष) पुत्र नारायण सिंह, निवासी एनटीडी, अल्मोड़ा के कब्जे से 4.30 ग्राम स्मैक कुल 14.42 ग्राम स्मैक बरामद की गई। दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया व स्मैक तस्करी में प्रयुक्त वाहन बुलेट को सीज करते हुए कोतवाली अल्मोड़ा में एन.डी.पी.एस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गई है।



# सटीक डिजिटल लैंड बैंक जल्द तैयार करें: डीएम



चमोली : जिले में सरकारी भूमि-परिसंपत्तियों का डिजिटल लैंड बैंक बनाने को लेकर जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मंगलवार को समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त विभागीय भूमि एवं परिसंपत्तियों का डिजिटल विवरण निर्धारित प्रारूप में शीघ्र उपलब्ध करें। जिलाधिकारी ने कहा कि लैंड बैंक के माध्यम से भविष्य में सरकारी भूमि का उपयोग उचित योजना के साथ बुनयादी सुविधाओं की स्थापना हेतु किया जाएगा। विभागों के पास समस्त आवासीय, अनावासीय, खाली भूमि या अन्य किसी भी प्रकार की भूमि जिस पर विभाग का आंशिक या पूर्ण कब्जा हो, उसका सटीक डिजिटल विवरण निर्धारित प्रारूप में संकलित करते हुए शीघ्र उपलब्ध करें। विभागीय परिसंपत्तियों के संरक्षण के लिए प्रत्येक स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया जाए। ताकि भविष्य में अतिक्रमण को रोका जा सके और विकास योजनाओं के लिए सरल और सुगम तरीके से सरकारी भूमि उपलब्ध हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसी भूमि-परिसंपत्तियां जो विभागीय उपयोग में नही है, लेकिन आम जनता के लिए किसी विशेष उद्देश्य हेतु उपयोगी है, उनको चिन्हित करें और किराए पर दिया जाए। ताकि ऐसी भूमि विभागीय आय का साधन बन सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा. ललित नारायण मिश्र, अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, सीओ पुलिस नताशा सिंह, एपीडी केके पंत, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल बी बैनर्जी, सीईओ कुलदीप गैरोला सहित सभी एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। (एजेंसी)

## फंदे पर लटका मिला युवक का शव

चमोली : नंदानगर घाट में एक युवक का शव फंदे में लटका मिला।

मंगलवार सुबह 6:20 पर थाना नन्दानगर घाट को सूचना प्राप्त हुई कि भूपेंद्र सिंह रावत उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम तेफना थाना नंदानगर घाट हाल निवासी नागबगड़ उर्फ फरखेत थाना नंदानगर घाट अपने कमरे में पंखे से लटका मिला।

इस सूचना पर पुलिस बल घटनास्थल पर जाकर परिजनों के समक्ष दरवाजा तोड़कर अंदर जाकर देखा तो मृतक अपने कमरे में पंखे से लटका मिला। शव को परिजनों के समक्ष नीचे उतरकर पंचायतनामें की कार्रवाई करके पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल गोपेश्वर भेजा गया।

शव और कमरे की तलाशी में कोई सुसाइड नोट आदि बरामद नहीं हुआ। मृतक बीते साल से गोपेश्वर में रेडीमेड कपड़ों की दुकान कर रहा था। (एजेंसी)

# भाजपाइयों ने फूंका द्वाराहाट विधायक का पुतला



रुद्रप्रयाग : द्वाराहाट में इंजीनियरिंग कालेज के निदेशक के साथ कांग्रेस विधायक द्वारा की गई अभद्रता को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध किया। मुख्यालय में उन्होंने घटना की निंदा करते हुए विधायक का पुतला दहन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर सिंह पंवार के नतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्य बाजार में द्वाराहाट विधायक का पुतला दहन किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष महावीर पंवार ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं द्वारा सदन में लोकतंत्र का हवाला देकर कई बार सदन का बहिष्कार किया जाता है, जबकि उनके विधायक द्वारा अधिकारियों के साथ असंवैधानिक कार्य करवाने के लिए दबाव दिया रहा है। द्वाराहाट में इंजनियरिग कालेज के निदेश-ाक के साथ वहां के विधायक द्वारा जो अमर्यादित कार्य किया गया, साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी अपशब्द का प्रयोग किया गया। उसकी भारतीय जनता पार्टी घोर निन्दा करती है। कहा कि कांग्रेस का यही असली चेहरा है। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सविता भण्डारी ने कहा कि एक जन प्रतिनिधि द्वारा किसी को ऐसा डराना धमकाना पूरी तरह गलत है। साथ ही अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना निंदनीय है। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री शीला रावत, जिला महामंत्री भारत भूषण भट्ट, चंद्रमोहन सेमवाल, सुनील नौटियाल, बीबी थपलियाल, सुरेन्द्र रावत, दिगम्बर रमलवाण, अरुण कपरवाण, भूपेन्द्र बिष्ट, विकास डिमरी, गौरव बिष्ट, विकास नौटियाल, दिनेश बिष्ट, आशीष नौटियाल, भागचंद, चन्द्र मोहन, महिला मोर्चा से पार्वती गोस्वामी, शालिनी गोस्वामी, विमला गोस्वामी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# वैदिक सम्मेलन 24 सितंबर से

टिहरी : आगामी 24 से 27 सितंबर तक सनातन धर्म शक्ति पीठ श्री दुर्गा मंदिर में आयोजित होने वाले क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन को लेकर सम्मेलन के संयोजक राजेंद्र प्रसाद चमोली व अध्यक्ष सुषमा उनियाल ने कहा कि वेदों के पारायण को लेकर यह सम्मेलन वृहत स्तर पर पहली बार नई टिहरी में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें 25 सितंबर को मुख्य अतिथि हरिद्वार सांसद व पूर्व सीएम डा. रमेश पोखरियाल निशंक, 26 सितंबर को बदरी–केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय और 27 सितंबर को विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डुड़ी शामिल होंगे। पत्रकारों से बातचीत में सम्मेलन को लेकर सुषमा उनियाल ने आगे बताया कि क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन का मकसद सनातन धर्म को आगे बढ़ाते हुए वेदों की जानकारी आम लोगों को देना है। इसके लिए सम्मेलन में देश-विदेश के वेद विशेषज्ञ शामिल होंगे। वेदपाठियों की भारी संख्या में भी मौजूद रहेगी। जिनकी मददे से चारों वेदों का पारायण करवाया जायेगा। यह सम्मेलन भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान उज्जैन एवं सनातन धर्म शक्ति पीठ श्री दुर्गा मंदिर समिति के तत्वाधान में इसका भव्य आयोजन होगा। जिसमें चारों वेदों का पारायण होगा। इस दौरान संतों के रूप में महंत स्वामी शिवानंद गिरी, मुनि अभय चेतन महाराज, ब्रहमचारी आशीष वशिष्ठ स्वरूप, ब्रहमचारी केशव स्वरूप और स्वामी अच्युतानंद मौजूद रहेंगे। (एजेंसी)

## डब्बल इंजन सरकार पूरी तत्परता से कर रही काम : चौहान

टिहरी : भाजपा के प्रदेश मीडीया प्रभारी मनवीर चौहान ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की डब्बल इंजन सरकार पूरी तत्परता से काम कर रही है। अंतिम व्यक्ति तक राज्य व केंद्र की चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा है। उत्तराखंड युवाओं के लिए रोजगार सृजन के मामले में दूसरे नंबर का राज्य बन गया है। भाजपा जिला कार्यालय नई टिहरी में चौहान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। तीसरी बार मोदी को पीएम बनाने में उत्तराखंड की जनता का पूरा योगदान रहेगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी ने नकल विरोधी कानून लाकर युवाओं को दिल जीतने का काम किया है और नौकरी की दलाली करने वालों की कमर तोड़ी है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल, महामंत्री उदय रावत, राजेंद्र जुयाल, विजय कठैत, सोहन खंडेवाल, कुलदीप रावत, चंडी बेलवाल, शीशराम थपलियाल सहित दर्जनों मौजूद रहे। (एजेंसी)

## फोन चोरी के आरोपी को भेजा जेल

चमोली : व्यापारी का मोबाइल फोन चोरी कर चंपत हुए चोर को पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर गिरफ्तार कर रिमांड के लिए न्यायालय में पेश कर दिया है। मंगलवार को नारायणबगड़ के व्यवसाई सोबन सिंह नेगी ने थाना थराली में तहरीर देकर कहा कि उनकी दुकान में भीड़ के बीच किसी ने उनका मोबाइल फोन पर हाथ साफ कर दिया है। सोबन सिंह की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की विवेचना देवाल पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक विनोद सिंह को सौंपी गई। विवेचना पर त्वरित कार्रवाई कर व्यवसायी के दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज मदद से आरोपी सुभाष शाह पुत्र जय किशोर शाह निवासी संदरगामा पोस्ट भगवानपुर चौंकी थाना पर सोनी जिला सीतामढ़ी विहार को मय चोरी के मोबाइल सहित गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी प्रखंड के कंडवाल गांव में मजदूरी का कार्य कर रहा था और जिस मकान मालिक के मकान में वह किराएदार था .

# हरितालिका तीज पर गोर्खाली महिलाओं ने नेपाली गीतों पर लगाए ठुमके

विकासनगर। ग्राम तेलपुर और जीवनगढ़ में गोर्खाली समुदाय की महिलाओं ने हरितालिका तीज का व्रत रखकर देर रात तक पूजा अर्चना की। महिलाओं ने बालू का शिवलिंग स्थापित कर उस पर गंगा जल, बेलपत्र, तिल, अक्षत अर्पित किये।

स्थापित मंदिर में रोली चंदन, पंचामृत व सभी प्रकार के ऋतुफल भगवान शिव को अर्पित कर व्रती महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु के लिए कामना की। गोर्खाली समुदाय की महिलाओं ने नेपाली भजन जय गणेश जय गणेश देवा, माता तिम्रो पार्वती पिता महादेवा.... से कार्यक्रम की शुरुआत की। भगवान लाई भेटन...जय जय शिवशंकर माहेश्वरम... आदि भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। साथ ही तीज के गीत तीज को बेलामा माईत आयेको...ठूलाबाको आंगनिमा तीजको गीत गांउला...केराको पात कांटेर संगै दर खांउला....आऊ आदि नेपाली गीतों पर जमकर ठुमके लगाए। महिलाओं ने रतजगा किया। गोर्खाली सुधार सभा के शाखा अध्यक्ष ने व्रती महिलाओं को फलों की टोकरी भेंट कर हरितालिका तीज को लेकर जानकारी दी। कहा कि महिलाएं शिव पार्वती गणेश शिव–परिवार की फोटो मंदिर में स्थापित कर निर्जल निराहार व्रत रखकर अपने पति की दीर्घायु परिवार के कल्याण व सुख शांति के लिए कामना करती है। स्थापित बालू के शिवलिंग को मंगलवार को नदी में जाकर विसर्जित किया। तीज कार्यक्रम में मीनू शाह, आशा पुन, लक्ष्मी थापा, स्वाति थापा, भावना राना, संगीता शर्मा, शालिनी थापा, सोनी गुरुंग, लीला थापा, विष्णु चन्द, सीता रोकाह, तारा थापा, उषा थापा, निशा देवी, रितिका, आयुषी थापा, कुसुम थापा, अमिता थापा, विपेन्द्र थापा विरेन्द्र चन्द ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## मां कुंजापुरी पर्यटन मेला 15 से

टिहरी : नरेन्द्रनगर में 47 वें सिद्धपीठ मां कुंजापुरी पर्यटन एवं विकास मेले को लेकर आयोजित बैठक में मेला आयोजन के साथ अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई। मेले का आयोजन 15 अक्टूबर से 22 अक्तूबर तक होगा। नरेन्द्रनगर स्थित टाउन हाल में मां कुंजापुरी पर्यटन विकास मेले को लेकर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल के नेतृत्व में संपन्न हुई बैठक में मेले के भव्य आयोजन को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। कैबिनेट मंत्री ने डीएम मयूर दीक्षित को मेले को भव्य रुप से आयोजित करने के निर्देश दिये। मेला अध्यक्ष राजेंद्र विक्रम पंवार ने बताया कि आगामी 15 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक मां कुंजापुरी पर्यटन विकास मेले का नरेन्द्रनगर में भव्य आयोजन होगा, विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाये जाएंगे,

# हॉट मिक्स प्लांट के खिलाफ तहसील पर गरजे ग्रामीण

विकासनगर। तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत भीमावाला के नवघाट पर लगाए जा रहे हॉट मिक्स प्लांट के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को ग्रामीणों ने हॉट मिक्स प्लांट के विरोध में तहसील में प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कहा कि विरोध के बावजूद प्लांट को लगाया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि हॉट मिक्स प्लांट लगने से पर्यावरण को क्षति पहुंचने के साथ ही क्षेत्र का वातावरण भी दूषित होगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन के द्वारा प्लांट को बंद नहीं किया गया तो अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। ग्रामीणों ने इस मामले में तहसील प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि विकासनगर क्षेत्र ग्रीन बेल्ट के अंतर्गत आता है। यहां पर हॉट मिक्स प्लांट नहीं लगाया जा सकता। क्योंकि हॉट मिक्स प्लांट से बहुत काला धुआं निकलता है जिससे फसलों व ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ेगा। पहले कोरोना और अब डेंगू की मार से लोग परेशान हैं।

अब यदि यहां प्लांट लगाया जाता है तो उसके कई दुष्परिणाम निकलेंगे। जिसमें लोगों को कई तरह की बीमारियां लग सकती हैं और क्षेत्र में महामारी फैल जाएगी। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शासन और प्रशासन ने प्लांट को नहीं हटाया जाता है तो ग्रामीणों को तहसील कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक से की शिष्टाचार भेंट

चमोली : चमोली जिले की नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक रेखा यादव से जिला मुख्यालय गोपेश्वर के व्यापार संघ गोपेश्वर, प्रान्तीय रक्षक दल चमोली, बाल कल्याण समिति, अरिहन्त अस्पताल चमोली के पदाधिकारियों ने पुलिस कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। पुष्प गुच्छ देकर उन्हें पुलिस अधीक्षक चमोली का कार्यभार ग्रहण पर स्वागत किया। एसपी रेखा यादव ने प्रतिनिधियों से विभिन्न मुद्दों और विषयों पर जानकारी ली। लोगों ने युवाओं में नशे के बढ़ते प्रचलन, यातायात व्यवस्था जैसी समस्याओं से अवगत कराते हुए कार्यवाही करने के कदम उठाने की बात कही। (एजेंसी)

## होम शेफ ऑडिशन में छात्र–छात्राओं संग महिलाओं दिखाया हुनर

विकासनगर। माया कॉलेज में भारत के होम शेफ का ऑडिशन हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन राजधानी बेसन और मॉम्स मैजिक किचन के साथ मिलकर किया जा रहा है। देहरादून ऑडिशन का दीप जलाकर उद्घाटन करते हुए माया ग्रुप की प्रबंध निदेशक डॉ. तृप्ति जुयाल सेमवाल ने कहा कि इंडिया का होम शेफ प्रतियोगिता आम महिलाओं और छात्रों को अखिल भारतीय स्तर पर उच्च स्तर के शेफ बनने के लिए प्लेटफॉर्म देती है।

डॉ. तृप्ति ने कहा कि हमें उत्तराखंड की संस्कृति और खान–पान को बढ़ावा देना चाहिए। जिससे हमारी आने वाली पीढ़ियां उत्तराखंड की धरोहर को संजोकर रख सकें। माया देवी एजुकेशनल फाउंडेशन के सचिव सौरव जुयाल ने भारत के दूर दराज से आये हुए प्रतिभागियों को शुभकमनाएं दी। मॉम्स मैजिक किचन के डायरेक्टर ने बताया कि इस प्रतियोगिता के ऑडिशन लुधियाना, देहरादून, लखनऊ गुवाहाटी, दिल्ली और विभिन्न स्थानों में कराए जा रहे हैं। इंडिया के होम शेफ प्रतियोगिता का फाइनल दिल्ली में होगा। प्रतियोगिता की पुरस्कार राशि 33 हजार रुपये रखी गई है। प्रतियोगिता के मुख्य आकर्षण सबसे छोटे प्रतिभागी नौ साल के यशवीर सेमवाल ने भी अपनी डिश का प्रदर्शन किया। जिसे सभी जजों ने बहुत सराहा।


**सम्बन्ध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बड़ा पुत्र दीपक सिंह चौहान व पुत्रवधु शिवानी चौहान व छोटा पुत्र बोबी चौहान व पुत्रवधु नीलम चौहान मेरे कहने सुनने में नही है। जिस कारण मैं अपने पुत्र दीपक चौहान, पुत्रवधु शिवानी चौहान, बोबी चौहान व पुत्रवधु नीलम चौहान को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। मेरे उक्त पुत्रों व पुत्रवधुओं द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के लेन-देन व कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार रहेगें। उनके द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के लेन-देन व कृत्य के लिए मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**दिनेश सिंह पुत्र स्व. रणजीत सिंह निवासी- मवाकोट, पट्टी मोटाढाक, तहसील कोटद्वार गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1328/21)



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

टेंडर नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक 19.09.2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियंता / समन्वय द्वारा ई टेन्डर जिनके बंद होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेंडर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

**टेंडर संख्या :** 183-DRM-MB-23-24 **दिनांक** 18.09.2023 **कार्य का नाम :** Rebuilding of Bridge no. 57 (1x3.05 Mtr) span at Km 34/13-14 with RCC box on LRJ-DDN section under ADEN/HW, **टेंडर क्लोसिंग दिनांक / समय :** 12.10.2023 16.00, **अनुमानित लागत :** 71,11,880.74, **धरोहर राशि :** 1,42,200.00, **बिडिंग स्टार्ट तिथि :** 28.09.2023, **आफर की वैधता :** 60 दिन, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 माह

**टेंडर संख्या :** 184-DRM-MB-23-24 **दिनांक** 18.09.2023 **कार्य का नाम :** Upgradation of LCs no. 490/C, 499/C, 501C, 502/C, 512/B, 514/C, 519/C, 521/C (NBD-SRE) and 7/C (LRJ-HW) in the section of ADEN/RK under DEN/I/MB, **टेंडर क्लोसिंग दिनांक / समय :** 12.10.2023 16.00, **अनुमानित लागत :** 1,81,09,908.07, **धरोहर राशि :** 2,40,600.00, **बिडिंग स्टार्ट तिथि :** 28.09.2023, **आफर की वैधता :** 60 दिन, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 08 माह

**टेंडर संख्या :** 185-DRM-MB-23-24 **दिनांक** 18.09.2023 **कार्य का नाम :** Provision of Divyangjan toilet at various station under DEN/I/MB, **टेंडर क्लोसिंग दिनांक / समय :** 12.10.2023 16.00, **अनुमानित लागत :** 2,24,85,661.13, **धरोहर राशि :** 2,62,400.00, **बिडिंग स्टार्ट तिथि :** 28.09.2023, **आफर की वैधता :** 60 दिन, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 माह

2915/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई–टेंडर संख्या जिनके बंद होने तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेंडर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| टेंडर सं. | 159-DRM-MB-23-24 dt. 05.09.2023; | | |
| कार्य का नाम: Provision of land boundary pillars and heavy repair to trespassing in the section of SSE/W/NBD under DEN/IV/MB. | | | |
| टेंडर क्लोजिंग दिनांक / समय | 12.10.2023 at 16:00 hrs. | | |
| अनुमानित लागत | ₹79,99,933.74 | धरोहर राशि | ₹1,60,000.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 माह | बिडिंग आरंभ तिथि | 28.09.2023 |
| टेंडर सं. | 173-DRM-MB-23-24 dt. 12.09.2023 | | |
| कार्य का नाम: Balance work of construction of boundary near station PKW (NCR) and its approaches as measure to safeguard track and establishment avoiding encroachment in jurisdiction of ADEN/HPU | | | |
| टेंडर क्लोजिंग दिनांक / समय | 12.10.2023 at 16:00 hrs. | | |
| अनुमानित लागत | ₹1,74,36,571.15 | धरोहर राशि | ₹2,37,200.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 माह | बिडिंग आरंभ तिथि | 28.09.2023 |
| टेंडर सं. | 179-DRM-MB-23-24 dt. 18.09.2023 | | |
| कार्य का नाम: Construction of boundary wall near station HPU and its approaches as measure to safeguard track and establishment avoiding encroachment under DEN-IV/MB. | | | |
| टेंडर क्लोजिंग दिनांक / समय | 12.10.2023 at 16:00 hrs. | | |
| अनुमानित लागत | ₹3,49,99,933.35 | धरोहर राशि | ₹3,25,000.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 माह | बिडिंग आरंभ तिथि | 28.09.2023 |
| टेंडर सं. | 180-DRM-MB-23-24 dt. 18.09.2023 | | |
| कार्य का नाम: Construction of boundary wall near station NBD and its approaches as measure to safeguard track and establishment avoiding encroachment under DEN-IV/MB. | | | |
| टेंडर क्लोजिंग दिनांक / समय | 12.10.2023 at 16:00 hrs. | | |
| अनुमानित लागत | ₹3,49,99,933.35 | धरोहर राशि | ₹3,25,000.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 माह | बिडिंग आरंभ तिथि | 28.09.2023 |
| टेंडर सं. | 181-DRM-MB-23-24 dt. 18.09.2023 | | |
| कार्य का नाम: Safety work related misc track works in the section of SSE/P.way/HPU under ADEN/HPU. | | | |
| टेंडर क्लोजिंग दिनांक / समय | 12.10.2023 at 16:00 hrs. | | |
| अनुमानित लागत | ₹84,98,934.02 | धरोहर राशि | ₹1,70,000.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह | बिडिंग आरंभ तिथि | 28.09.2023 |
| टेंडर सं. | 182-DRM-MB-23-24 dt. 18.09.2023 | | |
| कार्य का नाम: Safety work related misc track works in the section of SSE/P.way/BSC under ADEN/HPU. | | | |
| टेंडर क्लोजिंग दिनांक / समय | 12.10.2023 at 16:00 hrs. | | |
| अनुमानित लागत | ₹64,99,250.68 | धरोहर राशि | ₹1,30,000.00 |
| Period of Completion | 12 माह | बिडिंग आरंभ तिथि | 28.09.2023 |

सं.: DEN-IV/Publication/23 Dated: 19.09.2023 2914/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यालयः- ग्रा0 प्रधान/ग्रा0पं0वि0अधि0- मरोडा विकास खण्ड- थलीसैंण, पौड़ी गढ़वाल**

पत्रांक/ / 2023-24 रा0ग्रा0स्व0 अभियान 19, सितम्बर 2023

**अल्पकालिक निविदा / कोटेशन सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्य हेतु शिल्ड निविदायें आमंत्रित की जाती है, निविदा प्रपत्र दि0 21.09.2023 से 26.09.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में 10:00 बजे पूर्वाहन से 5:00 बजे सायं तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त किये जा सकते हैं, तथा दिनांक 27.09.2023 को अप्राहन 1:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निविदा बॉक्स में निविदा डाली जा सकती है, निविदा प्रपत्रों को दिनांक 27.09.2023 को अप्राहन 1:30 बजे उपस्थित निविदाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष ग्राम प्रधान/ग्रा0प0वि0अधि0 कुणैथ के कार्यालय में निविदा खोलने हेतु गठित समिति द्वारा खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0) में | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0) में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा वेधता | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायत भवन (जिला योजना) | 20000.00 (बीस हजार रू0 मात्र) | 1500+ 18%GST | 6 माह | 15 दिन | डी एवं उच्चतर |

1- निविदा प्रपत्र के साथ वांछित धरोहर राशि एन0एस0सी0/बैंक एफ0डी0आर0/पोस्ट ऑफिस पास बुक के रूप में जो कि ग्रा0पं0वि0अधि0 मरोडा के पदनाम बन्धक ही मान्य होगी।

2- निविदा प्रपत्र के साथ 100.00 (एक सौ रू0) का स्टाम्प पेपर एवं वैद्यता की शर्तो को लाना अनिवार्य है इसके बिना निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

3- निविदा की शर्ते जी0पी0डब्ल्यू-08 जी0पी0डब्ल्यू-9, निविदा प्रपत्र 69/70 के अनुसार होगी, एवं निविदा की अन्य शर्तें/नियम निविदा प्रपत्र प्राप्त कर देखी जा सकती है।

4- किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

नोट - निविदा प्रपत्र क्रय करते समय ठेकेदारों को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना पड़ेगा।

**कमलेश्वर सकलानी**
**ग्रा0पं0वि0अधि0**
**ग्राम पंचायत-कुणैथ**
**विकाख खण्ड-थलीसैंण**
**जिला-पौड़ी गढ़वाल।**



**कार्यालयः- ग्रा0 प्रधान/ ग्रा0पं0वि0अधि0- मरोडा विकास खण्ड- थलीसैंण, पौड़ी गढ़वाल**

पत्रांक/ / 2023-24 रा0ग्रा0स्व0 अभियान 19, सितम्बर 2023

**अल्पकालिक निविदा / कोटेशन सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्य हेतु शिल्ड निविदायें आमंत्रित की जाती है, निविदा प्रपत्र दि0 21.09.2023 से 26.09.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में 10:00 बजे पूर्वाहन से 5:00 बजे सायं तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त किये जा सकते हैं, तथा दिनांक 27.09.2023 को अप्राहन 1:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निविदा बॉक्स में निविदा डाली जा सकती है, निविदा प्रपत्रों को दिनांक 27.09.2023 को अप्राहन 1:30 बजे उपस्थित निविदाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष ग्राम प्रधान/ग्रा0प0वि0अधि0 मरोडा के कार्यालय में निविदा खोलने हेतु गठित समिति द्वारा खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0) में | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0) में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा वेधता | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायत भवन (राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अन्तर्गत) | 20000.00 (बीस हजार रू0 मात्र) | 1500+ 18%GST | 6 माह | 15 दिन | डी एवं उच्चतर |

1- निविदा प्रपत्र के साथ वांछित धरोहर राशि एन0एस0सी0/बैंक एफ0डी0आर0/पोस्ट ऑफिस पास बुक के रूप में जो कि ग्रा0पं0वि0अधि0 मरोडा के पदनाम बन्धक ही मान्य होगी।

2- निविदा प्रपत्र के साथ 100.00 (एक सौ रू0) का स्टाम्प पेपर एवं वैद्यता की शर्तो को लाना अनिवार्य है इसके बिना निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

3- निविदा की शर्ते जी0पी0डब्ल्यू-08 जी0पी0डब्ल्यू-9, निविदा प्रपत्र 69/70 के अनुसार होगी, एवं निविदा की अन्य शर्तें/नियम निविदा प्रपत्र प्राप्त कर देखी जा सकती है।

4- किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

नोट - निविदा प्रपत्र क्रय करते समय ठेकेदारों को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना पड़ेगा।

**कमलेश्वर सकलानी**
**ग्रा0पं0वि0अधि0**
**ग्राम पंचायत-मरोडा**
**विकाख खण्ड-थलीसैंण**
**जिला-पौड़ी गढ़वाल।**

सम्पादकीय

# विधायकों का बिगड़ा आचरण

जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों का व्यवहार कैसा होना चाहिए इसे लेकर एक पूरा साहित्य उपलब्ध है लेकिन जनता के खैर ख्वाहहा बनने वाले जनप्रतिनिधि अक्सर अधिकार मिलने के बाद अपनी सीमाओं को भूल जाते हैं। पिछले कुछ समय में उत्तराखंड में भी जनप्रतिनिधियों के ऐसे कारनामे सामने आए हैं जिसके कारण न केवल विधायिका पद पर सवालिया निशान खड़े हुए हैं बल्कि इन लोगों के व्यवहार से जनता को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। ताजा प्रकरण उत्तराखंड विधानसभा सीट द्वाराहाट से सामने आया है जिसमें एक स्थानीय कांग्रेस विधायक एक सरकारी अफसर के घर पर जबरन घुसने का प्रयास करते हुए गाली गलौज कर रहे हैं। उनका वीडियो वायरल होने के बाद कांग्रेस पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं कि क्या ऐसे जनप्रतिनिधियों को चुनकर वे विधानसभा भेज रहे हैं जो मर्यादाओं की सीमा को भी पार कर चुके हैं। विधायक इंजीनियरिंग कॉलेज के एक निदेशक को धमकाते हुए नजर आ रहे हैं जिसकी पूरी वीडियो ग्राफी सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी है। विधायक यही नहीं रुकते बल्कि वे मुख्यमंत्री के खिलाफ भी अभद्र भाषा बोलने से पीछे नहीं हटे और निर्देशक द्वारा उनका फोन ना उठाए जाने पर बेहद नाराज दिखाई दे रहे हैं। फिलहाल इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है लेकिन यह बेहद शर्म की बात है की एक जनप्रतिनिधि रात के समय जबरन किसी के घर में इस प्रकार का अभद्र व्यवहार करता है। यहां "उल्टा चोर कोतवाल को डांटे" वाली तर्ज पर विधायक भी निदेशक के खिलाफ प्रोटोकॉल के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत करते हैं लेकिन पुलिस ने निदेशक के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया। वीडियो में जिस प्रकार का व्यवहार विधायक द्वारा दिखाई दे रहा है वह बेहद शर्मनाक एवं ओछी हरकत है जो कि किसी भी जनप्रतिनिधि खास तौर से चुने हुए जनप्रतिनिधि को शोभा नहीं देता। विधायकों का व्यवहार आखिर कैसा होना चाहिए इसका ज्ञान उन्हें अवश्य होना चाहिए, विधायकों को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि उनके आचरण से आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न होने पाए। इससे पूर्व सत्तारूढ़ पार्टी के एक विधायक की मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है जिसमें एक व्यक्ति को सुरक्षा कर्मियों के साथ–साथ स्वयं विधायक भी पीट रहे हैं। आए दिन सड़कों पर यातायात जाम के बावजूद नेताओं के वाहन हूटर बजाते हुए आम जनता को परेशान करते भी नजर आते हैं, जबकि जनप्रतिनिधियों को जनता की सुविधा को सर्वोपरि रखना चाहिए। विधायकों को अपने आचरण के प्रति बेहद संवेदनशील रहना चाहिए, ना कि किसी सड़क छाप बदमाश की तरह सड़कों पर या किसी के घर में जबरन घुसने का प्रयास करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाए। जनता अपने विधायकों एवं मंत्रियों से अच्छे शासन प्रशासन की उम्मीद करती है और अपनी समस्याओं की निराकरण के लिए उनकी तरफ आशा भरी नजरों से देखती है लेकिन यदि यही जनप्रतिनिधि समस्या बन जाए तो फिर जनता किसके पास अपनी शिकायत करें? इस प्रकार का आचरण करने वाले जनप्रतिनिधियों के खिलाफ निश्चित तौर पर कार्रवाई होनी चाहिए ताकि जनता के बीच यह संदेश जाए कि प्रदेश में कानून व्यवस्था हर व्यक्ति के लिए एक समान तरीके से काम करती है।

# जी–20, सनातन और हिंदी पर चुनाव




**तीसरा बड़ा मुद्दा भारत और इंडिया की बहस का है, जिसमें अपने आप हिंदी जुड़ गई है। विपक्षी गठबंधन के 'इंडिया' नाम रखने के बाद से ही भाजपा इसकी काट खोज रही थी। वह काट भारत में मिल गई है। व्हाट्सऐप फॉरवर्ड में बताया जा रहा है कि दुनिया के किसी देश का नाम दो भाषाओं में अलग अलग नहीं है तो फिर हमारे देश का नाम हिंदी और अंग्रेजी में अलग अलग क्यों होना चाहिए? इसके साथ ही यह बताया जा रहा है कि 'इंडिया' का मतलब अंग्रेजी बोलने वाले, शहरी और बाहरी ताकतों से संचालित होने वाले लोग हैं, जबकि भारत बोलने वाले बहुसंख्यक लोग भारतीय हैं। जी–20 शिखर सम्मेलन में हर जगह भारत लिखा और बोला गया। अब खबर है कि सरकारी कामकाज में अंग्रेजी में भी भारत ही लिखा जा रहा है।**

**हरिशंकर व्यास**

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव का एजेंडा और मुद्दे तय हो गए हैं। जी–20 का शिखर सम्मेलन बड़ा मुद्दा होगा। उसके बाद सनातन पर छिड़ी बहस का मुद्दा है और हिंदी का मुद्दा है। इसके अलावा बाकी मुद्दे भी होंगे लेकिन चुनाव से ठीक पहले ये तीन मुद्दे हाईलाइट हुए हैं। इन्हे भाजपा व्यापक रूप से उठाने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के बीना और छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में विधानसभा चुनाव का आगाज करते हुए ये मुद्दे उठा कर संकेत दे दिया है कि इसी पर राजनीति होनी है। हालांकि बड़ा सवाल है कि चुनाव वाले पांच राज्यों में शासन, कामकाज, जातीय समीकरण और स्थानीय राजनीति के ऊपर ये मुद्दे कितना असर डाल पाएंगे? क्या भाजपा को इनका लाभ मिलेगा? क्या वह इन मुद्दों के आधार पर मध्य प्रदेश में सत्ता विरोधी माहौल को खत्म कर पाएगी? राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में सरकारों के खिलाफ क्या सत्ता विरोधी माहौल बना पाएगी?

ध्यान रहे कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री ने अपने मंत्रिपरिषद की बैठक की थी, जिसमें उन्होंने पार्टी के नेताओं और मंत्रियों को निर्देश दिया कि वे सनातन धर्म पर हो रहे हमले का जवाब दें। हालांकि इसके बाद किसी बड़े नेता की ओर से कोई ऐसा जवाब नहीं आया, जिससे लगे कि पार्टी उदयनिधि स्टालिन और ए राजा की ओर से सनातन पर किए गए हमले का जवाब दे रही है। तभी प्रधानमंत्री मोदी ने खुद कमान संभाली। उन्होंने मध्य प्रदेश के बीना रिफाइनरी में एक बड़े प्रोजेक्ट की आधारशिला रखने के बाद रैली में यह मुद्दा उठाया और कहा कि विपक्षी पार्टियों का 'घमंडिया' गठबंधन सनातन धर्म को अपमानित करने और इसे समाप्त करने के लिए बना है। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियां सनातन धर्म को खत्म करके देश को फिर से हजार साल की गुलामी के दौर में धकेलने का काम कर रही हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे विपक्ष के इस एजेंडे का जवाब दें। प्रधानमंत्री ने सनातन का विवाद शुरू होने से पहले स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले से अपने भाषण में हजार साल की गुलामी का मुद्दा उठाया था। अब वे कह रहे हैं कि सनातन कमजोर हुआ तो देश फिर से हजार साल की गुलामी में फंस जाएगा। हजार साल की गुलामी का मतलब मुस्लिम और अंग्रेज शासकों की गुलामी से है। हालांकि भाजपा के नैरेटिव में गुलामी मतलब हमेशा मुस्लिम शासकों की गुलामी से होता है। सो, सनातन को बचा कर देश को हजार साल की गुलामी में जाने से रोकने की बात का मतलब यह है कि विपक्ष मुस्लिम शासन चाहता है, जबकि भाजपा रही तो सनातन बचा रहेगा और देश मुसलमानों का गुलाम नहीं होगा।

इसके बाद प्रधानमंत्री ने बहुत जोरदार ढंग से जी–20 शिखर सम्मेलन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि यह भारत के बड़े सामर्थ्य का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने लोगों से सवाल पूछा कि जी–20 के आयोजन से गर्व की अनुभूति हुई या नहीं? सबने हाथ उठा कर जवाब दिया कि उन्हें इस पर गर्व हुआ। ध्यान रहे भाजपा पिछले लोकसभा चुनाव से पहले हुए पुलवामा कांड और सर्जिकल स्ट्राइक के नाम पर राष्ट्रवाद का मुद्दा बहुत प्रभावी तरीके से इस्तेमाल कर चुकी है। इस बार राष्ट्रवाद का मुद्दा जी–20 के जरिए उठाया जा रहा है। बहुत व्यवस्थित तरीके से देश के लोगों को बताया जा रहा है कि भारत अब दुनिया का नेता बन गया है। प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कहा कि भारत विश्वमित्र बन गया है, जबकि विपक्षी पार्टियां विभाजन का काम कर रही हैं। सो, सनातन के बाद जी–20 शिखर सम्मेलन का सफल आयोजन पांच राज्यों के चुनाव में बड़ा मुद्दा होगा।

तीसरा बड़ा मुद्दा भारत और इंडिया की बहस का है, जिसमें अपने आप हिंदी जुड़ गई है। विपक्षी गठबंधन के 'इंडिया' नाम रखने के बाद से ही भाजपा इसकी काट खोज रही थी। वह काट भारत में मिल गई है। व्हाट्सऐप फॉरवर्ड में बताया जा रहा है कि दुनिया के किसी देश का नाम दो भाषाओं में अलग अलग नहीं है तो फिर हमारे देश का नाम हिंदी और अंग्रेजी में अलग अलग क्यों होना चाहिए? इसके साथ ही यह बताया जा रहा है कि 'इंडिया' का मतलब अंग्रेजी बोलने वाले, शहरी और बाहरी ताकतों से संचालित होने वाले लोग हैं, जबकि भारत बोलने वाले बहुसंख्यक लोग भारतीय हैं। जी–20 शिखर सम्मेलन में हर जगह भारत लिखा और बोला गया। अब खबर है कि सरकारी कामकाज में अंग्रेजी में भी भारत ही लिखा जा रहा है।

पिछले दिनों भारत सरकार ने आईपीसी, सीआरपीसी और इविडेंस एक्ट बदलने के लिए तीन विधेयक संसद में पेश किए। आईपीसी का नाम भारतीय न्याय संहिता, सीआरपीसी का नाम भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और इविडेंस एक्ट का नाम भारतीय साक्ष्य अधिनियम रखने का प्रावधान किया गया है। दक्षिण भारत के राज्यों के विरोध के बावजूद केंद्र सरकार ने भारत और हिंदी दोनों को अपनाया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने अब कहा है कि हिंदी के जरिए सभी क्षेत्रीय भाषाओं के साथ बेहतर तालमेल बनता है।

ध्यान रहे राजभाषा विभाग भी उन्हीं के अधीन आता है। इस बीच 14 सितंबर को हिंदी दिवस के मौके पर कई देशों के राजदूतों और दूतावासों ने हिंदी में ट्विट किए। इजराइल के राजदूत ने तो वीडियो शेयर किया, जिसमें दूतावास के कर्मचारी हिंदी फिल्मों के लोकप्रिय डायलॉग बोल रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के राजदूत ने हिंदी के मुहावरे शेयर किए। प्रधानमंत्री मोदी ने भी इजराइल के ट्विट का जवाब अमिताभ बच्चन के एक मशहूर डायलॉग से जवाब दिया। भाजपा के राज में हिंदी की ताकत बढने का नैरेटिव अंततः चुनाव में इस्तेमाल होगा। सो, इसे संयोग कहें या लंबी प्लानिंग कहें लेकिन यह हकीकत है कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों से पहले जी–20 का शिखर सम्मेलन हुआ, जिसका डंका अभी तक बज रहा है। चुनावों से पहले तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म पर हमला किया, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने तत्काल लपक लिया और विपक्ष ने अपने गठबंधन का नाम 'इंडिया' रखा, जिसके जवाब में भाजपा को भारत की राजनीति करने का मौका मिला।

# उत्तर कोरिया से रूस तो दक्षिण कोरिया से अमेरिका को हथियार!

**श्रुति व्यास**

समय का पहिया पूरा घूम चुका है। ऐसा क्यों माना जाए? यह जानने के लिए पिछले हफ्ते के घटनाक्रम पर नजर डाले। बताया जा रहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथउत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग की मुलाकात काफी बढ़िया हुई। हम जानते ही हैं कि चोर–चोर सगे नहीं तो मौसेरे भाई तो होते ही हैं। लिहाज़ा, दोनों ने साथ बैठकर वाइन पी, एक–दूसरे की तारीफों के पुल बांधे और एक–दूसरे को सैनिक साजो–सामान देने का भरोसा दिलाया। हालांकि सैन्य सौदे का विस्तृत विवरण मास्को और प्योंग्यांग दोनों में से किसी ने नहीं दिया और ना ही इसकी उम्मीद है।

पुतिन की यह पहल, दरअसल, एक हताश व्यक्ति की मदद की गुहार है। और वह भी अपने समकालीन तानाशाह किम जोंग से। सिर्फ रूसी राष्ट्रपति ही कोरिया से मदद नहीं मांग रहे हैं बल्कि अमेरिका भी दूसरे कोरिया, यानि दक्षिण कोरिया से सहायता चाह रहा है। ऐसी खबरें हैं कि दक्षिण कोरिया बड़ी मात्रा में तोप के गोले अमेरिका भेज रहा है। हालांकि उसका दावा है कि वह सीधे यूक्रेन को किसी भी प्रकार के घातक हथियार प्रदान नहीं कर रहा है लेकिन अमेरिकी सेना कोरियाई गोले मिलने के बाद पहले से मौजूद अपने स्टॉक का बड़ा हिस्सा यूक्रेन को देने की स्थिति में आ जाएगा।

लगभग सत्तर साल पहले अमेरिका और रूस दोनों हथियार और अन्य सहायता क्रमशः दक्षिण और उत्तर कोरिया को देते थे, जिसका उपयोग ये दोनों देश आपस में चल रहे युद्ध में करते थे। पर समय का चक्र ऐसा घूमा की अब एक दूसरे युद्ध के लिए अमेरिका और रूस अपने–अपने कोरियाई मित्रों से सहायता ले रहे हैं।

कोरियाई युद्ध आधिकारिक तौर पर कभी ख़त्म नहीं हुआ। हालांकि सन् 1953 में युद्धविराम के बाद लड़ाई बंद हो गई लेकिन दोनों देशों के बीच शीत युद्ध आज भी जारी है। इसका नतीजा है दोनों देशों के बीच हथियार हासिल करने की दौड़ है,और दोनों के पास मौजूद हथियारों का विशाल भंडार है।



दक्षिण कोरिया के विपरीत उत्तर कोरिया में तानाशाही रही। इसलिए वह दुनिया से अलग–थलग और गरीब है। लेकिन सैन्य दृष्टि से वह काफी शक्तिशाली है। उसने सोवियत हथियार प्रणालियों की रिवर्स इंजीनियरिंग करके मिसाइलें बना ली हैं। माना जाता है कि उसने अपनी शुरूआती इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइलें यूक्रेन से काले बाजार में खरीदीं और सीरिया और ईरान जैसे देशों को हथियार बेचकर खासी कमाई की।

इस बीच दक्षिण कोरिया ने भी रक्षा क्षेत्र में विकास किया और अमरीका की मदद से अपना रक्षा उद्योग विकसित किया। आज वह टैंक, होविटजऱ मिसाइलें, लड़ाकू विमान और बख्तरबंद गाडियां बेचकर युद्ध में यूक्रेन की मदद कर रहा हैं। इससे न केवल दक्षिण कोरिया को कमाई हो रही है वरन् वह पहले मिली मदद का अहसान भी चुका पा रहा है।

आश्चर्य जो अमेरिका और दक्षिण कोरिया केमध्य मदद–के–बदले मदद का खेल दुनिया को बुरा नहीं लग रहा है। मगर रूस और उत्तर कोरिया की खतरनाक जुगलबंदी से दुनिया खौफजदा है। इकानामिस्ट पत्रिका का मानना है कि दोनों देशों के बीच हो रहे सौदों से न सिर्फ यूक्रेन के लिए समस्या अधिक गंभीर होगी बल्कि एशिया में परमाणु हथियारों का खतरा भी बढ़ेगा। यह चिंता एकदम जायज है, और चीन भी इससे फिक्रमंद है। हालांकि चीन यूक्रेन युद्ध में शुरू से रूस का समर्थन कर रहा है, लेकिन वह रूस और उत्तर कोरिया की बढ़ती नजदीकियों से चिंतित है। परंपरागत रूप से चीन और उत्तर कोरिया के सम्बन्ध बहुत अच्छे नहीं रहे हैं लेकिन हाल के दौर में व्यापार, खाद्यान्न और ईंधन के आयात के लिए वह चीन पर निर्भर रहा है। अतः चीन कुछ शर्तों के साथ, उत्तर कोरिया का समर्थन करता रहा है। लेकिन किम जोंग और पुतिन की मुलाकात के नतीजे में उत्तर कोरिया को न सिर्फ सैन्य तकनीकी बल्कि खाद्यान्न और ईंधन भी हासिल हुए हैं।

इसका मतलब है कि उत्तर कोरिया की चीन पर निर्भरता कम होगी और उत्तर कोरिया पर चीन की पकड़ भी। ऐसे हालात में आक्रमक चीन उत्तर कोरिया पर काबू पाने के लिए अमेरिका के प्रति अपने द्वेष को भुलाकर उससे हाथ मिला सकता है।

रूस और उत्तर कोरिया के बीच बढ़ती रिश्तों की गर्माहट के बावजूद इसमें संदेह है कि पुतिन उत्तर कोरिया को पूरी तरह कारगर आईसीबीएम बनाने या परमाणु शक्ति संपन्न पनडुब्बियां बनाने की तकनीक देंगे। क्योंकि रूस, उत्तर कोरिया और चीन के बीच आपसी परस्पर विश्वास इतना कम है कि इनके बीच का कोई भी गठजोड़ भरोसेमंद या टिकाऊ नहीं होगा।

कुछ भी हो, हर दिन दुनिया में नए खतरे, चुनौतियां, शत्रुता, मित्रता, दृष्टिकोण और अंतदृष्टि उत्पन्न हो रही हैं। और यह सब बदलते वक्त की फितरत है। हो सकता है एक दिन अमेरिका, चीन, और रूस अपने मतभेद, युद्धों की यादें और आपसी घृणा का इतिहास भुलाकर सबसे पहले तेजी से ताकतवर हो रहे तीनों के साझा शत्रु झ उत्तर कोरिया झ से मिलकर निपटने का कोई फैसला करें।

# कांग्रेस ने आरक्षण का दांव चला

कांग्रेस पार्टी ने हैदराबाद की कार्य समिति की बैठक में आरक्षण का दांव चला है। सोनिया गांधी ने महिला आरक्षण लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण का बिल लाया जाए और उसे कानून बनाया जाए। इससे पहले कार्य समिति की बैठक के पहले दिन यानी शनिवार को कांग्रेस ने आरक्षण को लेकर एक प्रस्ताव मंजूर किया, जिसमें आरक्षण की सीमा बढ़ाने की मांग की गई है। इस बीच एक और दिलचस्प खबर यह है कि पुणे में संघ के सभी संगठनों की समन्वय बैठक हुई थी, जिसमें संघ ने महिलाओं की भूमिका बढ़ाने की बात कही।

तभी यह सवाल है कि क्या संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण बिल आने जा रहा है? ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस को इसका अंदाजा है कि सरकार महिला आरक्षण बिल ला सकती है। इसलिए पहले ही सोनिया गांधी ने यह दांव चल दिया। अब अगर सरकार बिल लाती है तो उसका श्रेय कांग्रेस को भी मिलेगा। कांग्रेस यह भी कह रही है कि मनमोहन सिंह की सरकार ने 2011 में महिला आरक्षण का बिल राज्यसभा से पास कराया था। उसी बिल को सरकार लोकसभा से पास करा सकती है। लेकिन यह संभव है कि अगर महिला बिल आए तो उसमें आरक्षण के भीतर ओबीसी, एससी, एसटी के लिए आरक्षण की व्यवस्था की जाए। इसके लिए बिल को बदलना होगा और अगर बिल बदला जाएगा तो उसे दोनों सदनों से पास कराना होगा। बहरहाल, जो हो लेकिन इस बात की संभावना बढ़ गई है कि महिला आरक्षण का बिल विशेष सत्र में आ सकता है। कांग्रेस ने आरक्षण की सीमा बढ़ाने का दांव भी चल दिया है ताकि अगर सरकार ओबीसी जातियों के वर्गीकरण पर आई जस्टिस रोहिणी आयोग की रिपोर्ट पर चर्चा कराती है या उसके आधार पर आरक्षण के भीतर आरक्षण का प्रावधान करती है तो कांग्रेस उसका भी श्रेय ले सके।

# फल और सब्जियों को सही तरीके से धोने के लिए अपनाएं यह तरीका

स्वस्थ रहने के लिए डाइट में सब्जियों और फलों को शामिल करना आवश्यक है। हालांकि, केवल इन्हें अपनी डाइट में शामिल करना ही पर्याप्त नहीं है।इनका सेवन करने से पहले इनसे गंदगी, कीटनाशकों और रासायनिक अवशेषों को हटाना आवश्यक है। तभी आपको फल–सब्जियों से भरपूर फायदे मिल सकते हैं।आइए आज हम आपको सही तरीका बताते हैं, जिन्हें आजमाकर आप सब्जियों और फलों को अच्छे से साफ कर सकते हैं। खाने के लिए फल और सब्जियों का इस्तेमाल करने से पहले और बाद में अपने हाथों को गर्म पानी और साबुन से धो लें।यह छोटा कदम हानिकारक कीटाणुओं और जीवाणुओं के प्रसार को रोकने में मदद कर सकता है। इसलिए फलों और सब्जियों को खाने से पहले हमेशा अपने हाथ अच्छी तरह से धोने की आदत बनाएं।इसके अलावा फल और सब्जियों को काटने के लिए इस्तेमाल होने वाला चाकू भी साफ करें। फल और सब्जियां को साफ करने के लिए आप नमक और गुनगुने पानी का इस्तेमाल कर सकते हैं।इसके लिए बड़े बर्तन में गुनगुने पानी को भरे, फिर उसमें एक बड़ी चम्मच नमक मिलाएं।

# फेस्टिव सीजन मे ऑनलाइन शॉपिंग करते समय इन बातो का रखे ध्यान, नही होगा कोई नुकसान



फेस्टिव सीजन में घर की सजावट से लेकर कपड़ों और एक्सेसरीज आदि की खरीदारी के लिए ऑनलाइन शॉपिंग की वेबसाइट्स और ऐप्स का इस्तेमाल जमकर होता है।इसका कारण है कि कई ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स खरीदारों को आकर्षित करने के लिए कई लुभावने ऑफर पेश करती हैं।हालांकि, ध्यान रखें कि अगर आप सतर्क नहीं हैं तो ऑनलाइन शॉपिंग की सुविधा अत्यधिक खर्च का कारण बन सकती है।इससे बचने के लिए इन 5 बातों का ध्यान रखें।

अपना बजट तय करें

अगर आप ऑनलाइन शॉपिंग करते समय अतिरिक्त खर्च से बचना चाहते हैं तो सबसे पहले अपना बजट बना लें।फिर जिस चीज के लिए आपने जो कीमत लगाई हुई है, उसी के अनुसार वेबसाइट पर जाते ही कीमत का फिल्टर सेट कर दें।इस तरह से आपके पास आपके बजट के हिसाब से कई विकल्प सामने आ जाएंगे और अधिक पैसे भी खर्च नहीं होंगे।अच्छा होगा कि आप ई–कॉमर्स की विश्वसनीय वेबसाइट और ऐप्स का इस्तेमाल करें।

जल्दबाजी न करें

ऑनलाइन शॉपिंग करते समय जल्दबाजी करना भी बड़ी गलती है।यह बेहद जरूरी है कि आप जिस चीज को खरीदना चाहते हैं, उससे जुड़ी मुख्य जानकारियों को अलग–अलग विश्वसनीय शॉपिंग साइट्स पर जाकर चेक करें।उस चीज की कीमत और गुणवत्ता आदि बातों पर जरूर ध्यान दें।इसी के साथ उस चीज को लेकर लोगों के ऑनलाइन रिव्यू भी जरूर पढ़ें। ऐसा करके आप खुद को नुकसान से बचा सकते हैं।

कैशबैक और कूपन कोड का ध्यान रखें

जितना हो सके कैशबैक और कूपन कोड का इस्तेमाल करें।बेहतरीन कैशबैक ऑफर पाने के लिए किसी ब्रांड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं और उस पर एक अकाउंट क्रिएट करें, फिर उनके द्वारा दिए जाने वाले कैशबैक ऑफर का इस्तेमाल करें।हमेशा कोई उत्पाद खरीदने के बाद ब्रांड द्वारा प्रदान किए जाने वाले कूपन या कैशबैक ऑफर पर ध्यान दें। अगर आपको उनसे कोई अन्य खरीदारी करने की आवश्यकता हो तो उनका इस्तेमाल करें।

फ्री डिलीवरी वाले उत्पादों की तलाश करें

अलग–अलग वेबसाइटों की शिपिंग और डिलीवरी लागत अलग–अलग होती है। ये विक्रेताओं, वेबसाइटों या पतों के हिसाब से अलग–अलग होती है।फिर भी कुछ ई–कॉमर्स वेबसाइटें सभी ग्राहकों को कई चीजों पर फ्री डिलीवरी की पेश-।कश करती हैं। इसके अतिरिक्त कुछ व्यवसाय छोटी खरीदारी करने पर भी फ्री डिलीवरी प्रदान करते हैं।फ्री डिलीवरी के अलावा उनके द्वारा प्रदान किए जा रही किसी विशिष्ट छूट या ऑफर का भी इस्तेमाल करें। इससे आपके काफी पैसे बच सकते हैं।

रिटर्न और एक्सचेंज पॉलिसी होनी चाहिए

किसी भी उत्पाद की खरीदारी करने से पहले ऑनलाइन साइट्स की रिटर्न और एक्सचेंज पॉलिसी को समझना जरूरी है।पता करें कि क्या ग्राहक को उत्पाद पसंद न आने या उसमें कुछ खराबी होने पर साइट बिना किसी दिक्कत के लिए उसे वापस लेने या बदलने का विकल्प प्रदान करती है या नहीं।रिटर्न की समयसीमा और एक्सचेंज से संबंधित नियमों और शर्तों को ध्यान से पढ़ें।

# निशाना प्यादों पर क्यों?

इंडिया ने नफरती एंकर कहा है, वे अगर वर्षों से ऐसा कार्य कथित रूप से करते रहे हैं, तो क्या इसके लिए सिर्फ वे व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार हैं? या ऐसा करने का मंच उन्हें मीडिया घराने ने उपलब्ध कराया है?

लोकतंत्र में आदर्श स्थिति तो यही होगी कि मीडिया को स्वतंत्र ढंग से काम करने का मौका मिले। पत्रकारों को खबरों की अंदर तक पड़ताल करने और सत्ता के सर्वोच्च शिखर पर बैठे लोगों से हमेशा निर्भय होकर सवाल करने के अवसर मिलें, यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के सफल संचालन की अनिवार्य शर्त है। इसीलिए पत्रकारों और मीडिया घरानों को लोकतांत्रिक देशों में विशेष महत्त्व दिया जाता है– और उन्हें कुछ अतिरिक्त सुविधाएं भी मिलती हैं। लेकिन जब खुद मीडिया घराने और पत्रकार अपनी अपेक्षित भूमिका के विपरीत कार्य करने लगें, वे किसी पार्टी विशेष की तरफ से काम करते दिखने लगें और सरकारी एवं सत्ता पक्ष के नैरेटिव का भोंपू बन जाएं, सिर्फ विपक्ष से लोकतांत्रिक कसौटियों के पालन की अपेक्षा उचित नहीं होगी। टीवी चैनलों के 14 एंकरों के शो का बहिष्कार करने के विपक्षी गठबंधन इंडिया के फैसले को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। हालांकि यह स्थिति अफसोसनाक है, लेकिन बात के इस हद तक पहुंचने के लिए इंडिया गठबंधन को दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

दरअसल, विपक्ष के इस कदम ने भारत में चल रही पक्षपाती पत्रकारिता की बढ़ती चली गई समस्या को रेखांकित किया है। क्या इस सच को नजरअंदाज किया जा सकता है कि गुजरे नौ वर्षों में मुख्यधारा के लगभग लगभग सभी हिंदी और अंग्रेजी टीवी न्यूज चैनल एकतरफा ढंग से काम करते रहे हैं। इसके बावजूद विपक्ष के इस कदम पर कुछ ठोस सवाल हैं। मुद्दा यह है कि जिन्हें इंडिया ने नफरती एंकर कहा है, वे अगर वर्षों से ऐसा कार्य कथित रूप से करते रहे हैं, तो क्या इसके लिए सिर्फ वे व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार हैं?

या ऐसा करने का मंच उन्हें मीडिया घराने ने उपलब्ध कराया है? यह मंच उपलब्ध कराने के पीछे मीडिया मालिकों की क्या भूमिका या स्वार्थ रहे हैं, क्या बिना उन पर ध्यान दिए जो मीडिया माहौल बना है, उसका कोई समाधान ढूंढा जा सकता है? अगर इस समस्या को उसके पूरे संदर्भ में देखें, तो यह महसूस होगा कि विपक्ष ने सॉफ्ट टारगेट्स पर ही निशाना साधा है। वे इस मसले के असल जिम्मेदारों की पहचान करने तक से ठिठक गए हैं।

## नए संसद भवन के लिए आधिकारिक रूप से नोटिफिकेशन हुआ जारी

**नई दिल्ली ,एजेंसी** । संसद के नए भवन को अब भारत के संसद भवन के रूप में नामित कर दिया गया है। इसे लेकर लोक सभा सचिवालय की तरफ से नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है।

लोक सभा सचिवालय की तरफ से संसद के नए भवन को भारत के संसद भवन के रूप में नामित करने के लिए जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है कि, लोक सभा अध्यक्ष को संसद भवन, नई दिल्ली के परिसर में प्लॉट संख्या 118 पर स्थित संसद के नए भवन को जो मौजूदा संसद भवन के पूर्व में और दक्षिण में रायसीना रोड एवं उत्तर में रेड क्रॉस रोड से लगा हुआ है, को संसद के नए भवन के रूप में अधिसूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

## लोकसभा चुनाव से पहले जमीनी हकीकत से भाजपा को रूबरू करा रहा संघ

**लखनऊ ,एजेंसी** । लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा का मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) पार्टी को जमीनी हकीकत से रूबरू कराने के लिए सरकार और संगठन के साथ लखनऊमें मंथन कर रहा है। इसमें सरकार और पार्टी के सभी संगठनों से तालमेल बेहतर रहे, चुनावी माहौल के हिसाब से इसकी भूमिका पर भी चर्चा हो रही है।

संघ के आधिकारिक सूत्र बताते हैं कि बैठक में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, विश्व हिंदू परिषद, सहकार भारती, सेवा भारती, शैक्षिक महासंघ सहित अन्य संगठनों के कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक का उद्देश्य आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा की विचारधारा वाले अलग–अलग संगठनों में वैचारिक समन्वय स्थापित करना है।

बैठक में इसकी भी चर्चा की जाएगी कि सरकार और संगठन में आपस में कोई मतभेद न हो। दोनों आपसी तालमेल से चले जिससे कि एक तरफ राज्य को सफल तरीके से चलाया जा सके, तो दूसरी तरफ पार्टी को मजबूत बनाने का काम किया जा सके और चुनावी जमीन तैयार किया जाए।

संघ के सूत्र बताते हैं कि बैठक में संघ के सर–कार्यवाहक अरुण कुमार, संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी शामिल होंगे। संघ की ओर से हो रही बैठक काफी महत्वपूर्ण है। चुनाव से पहले सारे कील कांटे दुरुस्त कर वह मैदान में उतरना चाह रहे हैं।

## कुवैत की जेल में बंद 30 भारतीय नर्सें, सरकार ले रही रिहाई के लिए एक्शन

**तिरुवनंतपुरम ,एजेंसी** । विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने बताया कि 30 भारतीय नर्सों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए कुवैती अधिकारियों के साथ बातचीत शुरू हो गई है, जिसमें वर्तमान में हिरासत में ली गईं केरल की 19 नर्सें शामिल हैं। मुरलीधरन ने कहा कि भारत और कुवैत के बीच उच्चतम स्तर पर बातचीत शुरू हो गई है। जिस क्लिनिक में ये नर्सें काम कर रही थीं, उसके लाइसेंस को लेकर तकनीकी मुद्दे हैं। मुरलीधरन ने कहा, जिन नर्सों के छोटे बच्चे हैं जिन्हें स्तनपान कराया जा रहा है, हमने पहले से ही उनके लिए स्तनपान की व्यवस्था कर ली है।

## विदेश में बैठे पति ने पत्नी को व्हाट्सएप पर दिया 'तीन तलाक', एफआईआर दर्ज

**दक्षिण कन्नड़ ,एजेंसी** । कर्नाटक पुलिस ने विदेश में रहने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ व्हाट्सएप पर अपनी पत्नी को तीन तलाक संदेश भेजने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। मामला सुलिया थाने में दर्ज कराया गया है। सुलिया के जयनगर की रहने वाली मिस्रिया ने इस संबंध में अपने पति अब्दुल रशीद के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

# महिला आरक्षण: खिसक जाएगी बड़े–बड़े नेताओं की जमी जमाई सियासी जमीन!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नारी वंदन शक्ति किस स्वरूप में और कब से लागू होगी इसको लेकर अभी तस्वीर पूरी तरह से साफ नहीं है, लेकिन राजनीतिक हलकों में कहा यही जा रहा है कि तस्वीर के साफ होने के बाद एक बात तो स्पष्ट है कि कई बड़े–बड़े नेताओं की सियासी जमीन उनके हिस्से से खिसक सकती है। अब इसके लिए सियासी दलों से लेकर बड़े–बड़े राजनेता जिनका प्रभाव अपने क्षेत्र में मजबूती के साथ बना हुआ है वह भी सियासी गुणा गणित में लग गए हैं कि उनकी सीट पर क्या समीकरण बनने वाले हैं।

चर्चा इस बात की भी हो रही है कि कहीं नारी वंदन शक्ति से हुए सीट परिवर्तन के आरक्षण में पंचायत चुनावों जैसा हाल न होने लगे। यानी कि परिवार में ही महिला और पुरुष सीटों की अदला बदली होने लगे। सियासी जानकारों का मानना है कि इसको लागू कब किया जाएगा यह बाद की बात है लेकिन देश के अलग–अलग राज्यों के सियासी मैदान में अपनी अपनी सीटों की गुणा गणित तो होने ही लगी है।

राजनीतिक जानकार हिमांशु शितोले कहते हैं कि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस नारी वंदन शक्ति अधिनियम के पास होने के बाद इसको लागू कब से किया जाएगा। चर्चा यही हो रही है कि नई जनगणना के बाद ही इसको लागू किया जाएगा। वह कहते हैं अगर जनगणना के बाद इसके आधार पर आरक्षण लागू किया जाएगा तो महत्वपूर्ण बात यह जानने की है कि आखिर जनगणना कब होगी। यही वजह है कि राजनीतिक दलों में खासतौर से जो क्षेत्रीय दल हैं इस अधिनियम के तहत होने वाले आरक्षण को लेकर एक उत्सुकता भी बनी है और अपनी सियासी जमीन बचाने को लेकर आगे की रणनीति पर बातचीत भी शुरू हो गई है।

उत्तर प्रदेश में राजनीतिक विश्लेषक जटाशंकर सिंह कहते हैं कि यह बात तो स्पष्ट है कि जब तक आरक्षण की तस्वीर साफ नहीं होगी तब तक यह कहना मुश्किल होगा कि किसकी सीट बचेगी और किसकी सीट जाएगी। यह भी जानना महत्वपूर्ण है कि यह व्यवस्था लागू कब से होगी। उनका कहना है कि पंचायत चुनावों में तो यह व्यवस्था लागू है, लेकिन जैसे ही इस व्यवस्था को विधानसभाओं के स्तर पर लागू किया जाएगा उसमें उन बड़े–बड़े नेताओं की सियासी जमीन के हिस्से खिसकने तय माने जा रहे हैं जो की लगातार चुनाव जीतते आए हैं या फिर निर्दलीय लंबे समय से चुनाव जीत रहे हैं। हालांकि उनका कहना है जब तक पूरी तरीके से इसके बारे में पूरी जानकारी नहीं मिल जाती तब तक स्पष्ट रूप से कह पाना कुछ भी संभव नहीं है।

दिल्ली विश्वविद्यालय में राजनीति शास्त्र के प्रवक्ता प्रोफेसर आलोक सिंह कहते हैं कि सियासत में जब इस तरीके के बड़े फैसले आते हैं तो उसका असर बहुत व्यापक होता है। अब महिला आरक्षण बिल को लेकर सियासी गलियारों में जो कयास लगाए जा रहे हैं वह वाजिब भी हैं। उनका मानना है कि इस तरीके के बड़े व्यापक बदलाव वाले बिल का सियासी तौर पर असर जबरदस्त तरीके से पड़ता है। वह कहते हैं कि उनके महकमें ने एक प्रोजेक्ट पर ट्रिपल तलाक के बाद उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद, रामपुर, आजमगढ़, सहारनपुर और बरेली की नौ विधानसभाओं के 47 मुस्मिल्म बाहुल्य बूथों पर सर्वे किया था। तो पाया कि पिछले चुनाव की तुलना में ट्रिपल तलाक के फैसले के बाद सत्ता पक्ष को उन बूथों पर ज्यादा वोट मिला जहां पर पिछले चुनाव में मुस्लिम बहुल इलाकों में उनके प्रत्याशी हार गए थे।

उनका मानना है कि ऐसे मुद्दे सियासी रूप से बड़ा असर डालते हैं। इसलिए अगर सियासी नजरिए से कोई भी राजनेता या दल अपनी राजनीतिक जमीन पर गुणा गणित लगाकर सियासी समीकरण समझने की तैयारी कर रहा है तो स्वाभाविक भी है। जब तक आरक्षण की प्रक्रिया नहीं शुरू होगी तब तक यह चलता रहेगा। प्रोफेसर आलोक कहते हैं कि राजनीति में फैसला आना या कोई कानून बनाना जितना महत्वपूर्ण होता है उससे ज्यादा महत्वपूर्ण उसका प्रचार और प्रसार करना होता है। इसलिए सियासी नजरिया से सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के पास अपना मजबूत है। जिसके आधार पर वह जनता में एक परसेप्शन बना सकते हैं।

## महिला आरक्षण विधेयक से देश की आधी आबादी को मिलेगा उसका वाजिब हक : किरण चौधरी

**चंडीगढ़ ,एजेंसी** । हरियाणा की पूर्व कैबिनेट मंत्री और नेता प्रतिपक्ष रहीं किरण चौधरी ने मंगलवार को संसद में महिला आरक्षण से जुड़ा 128वां संविधान संशोधन नारी शक्ति वंदन विधेयक 2023 पेश किए जाने का स्वागत किया है।

उन्होंने कहा कि इससे देश की आधी आबादी यानि महिलाओं को वास्तविकता में उनका हक मिलेगा। वे समाज की मुख्यधारा में बराबरी पर आकर खड़ी होंगी। वैसे यह विधेयक कांग्रेस की डॉ. मनमोहन सिंह सरकार ने वर्ष 2010 में राज्यसभा से पास करवा लिया था। उन्होंने आगे कहा कि महिलाओं के लिए बेहतर होता कि इस विधेयक को जल्दी पारित करवाकर तत्काल लागू किया जाता। इससे वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में महिलाओं को लाभ मिलता।

किरण चौधरी ने कहा कि राजीव गांधी, नरसिंह राव और डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकारों ने इस विधेयक को पारित करवाने के अथक प्रयास किए थे। लेकिन, कभी यह विधेयक लोकसभा से पारित हो गया तो राज्यसभा से पारित नहीं हो पाया। कभी राज्यसभा से पारित हो गया तो लोकसभा से पारित नहीं हो पाया था।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा लोकसभा और विधानसभा में महिला आरक्षण के समर्थन में रही है। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने वर्ष 2017 में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिख कर महिला आरक्षण विधेयक पर कांग्रेस के समर्थन का भरोसा दिलाया था। पूर्व कैबिनेट मंत्री किरण चौधरी ने कहा कि इस विधेयक को इसी सत्र में पारित करवाने के बाद जितना जल्द हो सके इसे लागू किया जाना चाहिए।

## दुर्गापुर में सरकारी दफ्तर में भीषण आग, कई महत्वपूर्ण फाइलें हुई नष्ट

**कोलकाता ,एजेंसी** । पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्दवान जिले के प्रमुख औद्योगिक टाउनशिप दुर्गापुर में आसनसोल–दुर्गापुर विकास प्राधिकरण (एडीडीए) के मुख्य कार्यालय में आग लगने से कई महत्वपूर्ण फाइलें नष्ट होने की आशंका है। स्थानीय लोगों ने कहा कि आग मंगलवार सुबह करीब 2.30 बजे देखी गई, जिसके बाद उन्होंने अग्निशमन सेवा कार्यालय को सूचित किया। जब तक दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, तब तक आग ने भयावह रूप ले लिया और पूरे कार्यालय को अपनी चपेट में ले लिया।सौभाग्य से, आग तड़के लगी जब वहां कोई नहीं था। सुबह करीब 9 बजे आग पर काबू पा लिया गया। मंगलवार को 11 दमकल गाड़ियों की घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई गई।

# नियंत्रण में निपाह का प्रकोप, लेकिन खतरा अभी टला नहीं: मुख्यमंत्री विजयन

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने मंगलवार को कहा कि कोझिकोड जिले में सामने आया निपाह का प्रकोप अब नियंत्रण में है, लेकिन राज्य में इस संक्रामक रोग का खतरा अभी टला नहीं है। उन्होंने कहा कि निपाह प्रकोप की दूसरी लहर की संभावना से इनकार करना संभव नहीं है।

मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक के बाद यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह नहीं कहा जा सकता कि निपाह का खतरा पूरी तरह से खत्म हो गया है, लेकिन यह राहत की बात है कि यह बीमारी अधिक लोगों में नहीं फैली है। उन्होंने कहा, 'आज यहां निपाह को लेकर समीक्षा बैठक हुई। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की राय है कि दूसरी लहर की संभावना बहुत दूर है, लेकिन



इसे पूरी तरह से खारिज नहीं किया जा सकता है।'

उन्होंने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य प्रणाली घातक वायरस के प्रसार को प्रभावी ढंग से रोक सकती है। वायरस का जल्दी पता लगाने से खतरनाक स्थिति टल गई। उन्होंने कहा कि संक्रमण का प्रसार नियंत्रण में है लेकिन भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) भी इस बात का स्पष्ट जवाब न दे सका कि उत्तरी कोझिकोड से निपाह के मामले क्यों सामने आ रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 36 चमगादड़ों के नमूने परीक्षण के लिए भेजे गए थे, लेकिन कोई वायरस नहीं मिला, और आने वाले दिनों में और नमूने एकत्र किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस की मदद से पहले संक्रमित व्यक्ति का रूट मैप लिया गया और इन स्थलों से चमगादड़ों के नमूने एकत्र किए जाएंगे और परीक्षण के लिए भेजे जाएंगे।

उन्होंने कहा, 'यहां तक कि आईसीएमआर भी इस बात का स्पष्ट जवाब न दे पाया है कि कोझिकोड में बीमारी बार–बार क्यों फैल रही है। इस संबंध में राज्य ने एक शून्य निगरानी अध्ययन करने का फैसला लिया है। स्वास्थ्य विभाग को इसके लिए एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया गया है।'

उन्होंने कहा कि चमगादड़ों पर आईसीएमआर के अध्ययन की जानकारी राज्य को भी उपलब्ध होगी और यहां इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड वायरोलॉजी की मदद से अनुसंधान किया जाएगा, जिसमें चमगादड़ों को पकड़े बिना नमूने एकत्र करना शामिल है। विजयन ने कहा कि कोझिकोड मेडिकल कॉलेज में माइक्रोबायोलॉजी लैब और यहां के पास थोन्नाक्कल में इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड वायरोलॉजी लैब में परीक्षण जारी रहेंगे।

उन्होंने कहा कि ऐसा अनुमान है कि प्रभावित लोगों की संपर्क सूची में शामिल लोगों की संख्या बढ़ने की संभावना है। बीमारी की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में बताते हुए विजयन ने कहा कि वर्तमान में 994 लोगों को निगरानी में रखा गया है।

### हरियाणा : बजरंग ने स्वीकारी विशाल पहलवान की चुनौती

# एशियन गेम्स के बाद मैदान में देंगे जवाब

**सोनीपत (हरियाणा), एजेंसी।** ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया ने हिसार के सिसाय में हुई पंचायत में मिली चुनौती को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि फिलहाल वह एशियन गेम्स की तैयारी में व्यस्त हैं, लेकिन वह इसके तुरंत बाद विशाल से कुश्ती लड़ने के लिए तैयार हैं। उनका काम कुश्ती लड़ना है और कुछ नहीं।

एशियन गेम्स में बजरंग पूनिया के बिना ट्रायल चयन करने पर जींद में महापंचायत हुई थी, लेकिन उसमें कोई नतीजा नहीं निकला था। इसके बाद हिसार के गांव सिसाय में



पंचायत कर निर्णय लिया गया कि बजरंग पूनिया अगर विशाल को हराएंगे तो उन्हें नकद राशि, कार व भैंस देकर सम्मानित करेंगे।

अब पूनिया ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर लाइव आकर कहा कि विशाल को लेकर उनके भाई की भाषा पर उनके परिजनों को ध्यान देना चाहिए। उन्हें बोलना सिखाएं, सभी की बहन–बेटियां एक जैसी होती हैं। रही बात चैलेंज की तो वह उसे एशियन गेम्स के बाद आकर स्वीकार करेंगे।

उन्होंने कहा कि उनका जमीर नहीं बिका है। वह बहन–बेटियों की इज्जत के लिए लड़े हैं और धरना बेचा नहीं, बल्कि पुलिस ने उन्हें डंडे मारकर उठाया था। अब जो लोग बोल रहे हैं कि उन्हें कुछ पता नहीं है। कुश्ती व बहन–बेटियों की लड़ाई अलग–अलग है। हमारे साथ सात पहलवान और भी बैठे थे। उनका नाम नहीं लिया।

अंतिम पहलवान के प्रशिक्षक की चार बातों का भी जवाब दूंगा। उन्होंने कहा कि खाप पंचायतों ने जो फैसला लिया था, उस पर आज भी अडिग हैं। जिस बृजभूषण शरण को यह लोग ठीक बता रहे हैं, उसी के बनाए नियम हैं, जिसके कारण यह अब विरोध में खड़े हैं। उन्होंने कहा कि सोच–समझकर बोलना चाहिए। वह अपना सबकुछ दांव पर लगाकर बहन–बेटियों की इज्जत के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। एशियन गेम्स में 65 व महिला वर्ग में 53 किलो का ट्रायल स्टैंड बॉय के लिए हुआ था। वह नियम अब भी लागू है। साथ ही कहा कि इनाम को टेककर रखना एशियन गेम्स के बाद कुश्ती लड़ेंगे।

# गुजरात में भारी बारिश से उफान पर नर्मदा नदी

### 12000 लोगों को सुरक्षित स्थान पर किया गया स्थानांतरित

**सूरत ,एजेंसी** । गुजरात में हो रही भारी बारिश के कारण वडोदरा, भरूच, नर्मदा, दाहोद, पंचमहल, आनंद और गांधीनगर जिलों के निचले इलाकों में रहने वाले 11,900 लोगों को अस्थाई घरों में स्थानांतरित कर दिया गया है, जबकि 270 फंसे हुए नागरिकों को सुरक्षा कर्मियों ने बचाया है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने एक बयान में कहा कि गिरे हुए पेड़ों को हटाकर सड़कें साफ करने का काम जारी है।

अधिकारियों के अनुसार, सरदार सरोवर बांध से पानी छोड़े जाने के कारण जल स्तर 40 फीट तक बढने के बाद पिछले दो दिनों में भरूच जिले में नर्मदा नदी के किनारे रहने वाले 6,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया है। भरूच शहर और तहसील के कई इलाके और अंकलेश्वर के कई इलाके और गांव अभी भी घुटनों तक पानी में डूबे हुए हैं, हालांकि सोमवार सुबह से पानी का स्तर धीरे–धीरे कम हो रहा है।

भरूच जिला आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र के एक अधिकारी ने कहा, अंकलेश्वर को भरूच से जोडने वाले गोल्डन ब्रिज पर नर्मदा नदी का वर्तमान जल स्तर 37.72 फीट है, जो खतरे के निशान 28 फीट से लगभग 10 फीट ऊपर है। रविवार को ऊपरी धारा में स्थित सरदार सरोवर बांध से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण पुल पर नदी का जल स्तर 40 फीट तक पहुंच गया। भरूच शहर में डांडिया बाजार और अन्य क्षेत्र, और अंकलेश्वर शहर और तालुका में कई गांव अभी भी घुटनों तक पानी में डूबे हुए हैं। बीडीईआरसी अधिकारी ने कहा कि स्थिति में धीरे–धीरे सुधार हो रहा है क्योंकि पानी धीरे–धीरे कम हो रहा है। गुजरात के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने कहा कि वह प्रभावित जिलों के कलेक्टरों के साथ लगातार संपर्क में हैं।

## 35 साल पहले उपराष्ट्रपति धनखड़ ने की थी अपील, राजस्थान हाईकोर्ट ने अब जाकर की कार्रवाई

**जयपुर ,एजेंसी** । राजस्थान उच्च न्यायालय ने लगभग 35 साल पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा दायर अपील में एक दोषी की सजा कम कर दी है, जब वह एक प्रैक्टिसिंग वकील थे।जस्टिस महेंद्र गोयल की एकल पीठ ने दोषी गुरुदयाल सिंह की अपील का निपटारा करते हुए यह फैसला दिया। 1989 में वकील के तौर पर धनखड़ ने सिंह की ओर से हाईकोर्ट में यह अपील पेश की थी।

अपील पर फैसला सुनाते हुए जस्टिस महेंद्र गोयल की खंडपीठ ने कहा कि जब गुरुदयाल सिंह को गिरफ्तार किया गया था तब उनकी उम्र 43 साल थी, लेकिन आज वह करीब 80 साल के हैं।आरोपी इस मामले के पिछले 35 साल से लंबित होने के सदमे से गुजर रहा है। ऐसे में उसकी सजा बरकरार रखते हुए और उसकी सजा को भुगती सजा तक सीमित रखते हुए, इस अपील को आंशिक रूप से स्वीकार किया जाता है और इसका निपटारा किया जाता है।गुरुदयाल सिंह की ओर से पैरवी कर रही अधिवक्ता भावना चौधरी ने बताया कि यह घटना 5 मार्च 1988 को हुई थी. उस दिन प्रीतम सिंह ने अलवर जिले के किशनगढ़ बास थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि गुरुदयाल सिंह ने राजेंद्र सिंह पर चाकू हमला कर उसे घायल कर दिया था।13 मार्च 1988 को पुलिस ने गुरुदयाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया। इलाज के दौरान जब राजेंद्र सिंह की मौत हो गई, तो पुलिस ने गुरुदयाल सिंह के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। 10 मार्च 1989 को कोर्ट ने गुरुदयाल सिंह को गैर इरादतन हत्या का दोषी पाया और चार साल की सजा सुनाई।

## मोदी राज में ही मिलेगा आधी आबादी को पूरा अधिकार : अश्विनी चौबे

**नई दिल्ली/पटना , एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पेश होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी राज में ही आधी आबादी को पूरा अधिकार मिलेगा। एंडी एलायंस ने महिला आरक्षण पर केवल देश की माता बहनों को ठगने का काम किया। महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस, राजद, सपा और उनके अन्य सहयोगी दलों ने आंख में धूल झोंकने काम किया। केंद्रीय मंत्री चौबे ने महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पेश होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक एवं साहसिक निर्णय से लोकतंत्र में नारी शक्ति की सहभागिता बढेगी। मातृशक्ति का प्रतिनिधित्व बढ़ाने की दिशा में मोदी सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। इसके लिए प्रधानमंत्री का अभिनंदन है। केंद्रीय मंत्री चौबे ने कहा कि मोदी सरकार में महिलाओं को अधिकार मिला है। तीन तलाक खत्म हुआ।

# सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति को कोविड संक्रमित होने के दौरान दूसरों पर खांसने पर जेल

**सिंगापुर ,एजेंसी** । सिंगापुर में 64 वर्षीय भारतीय मूल के एक व्यक्ति को 2021 में कोविड–19 से संक्रमित होने के दौरान अपने सहकर्मियों पर जानबूझकर खांसने के आरोप में दो सप्ताह की जेल की सजा सुनाई गई है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह कहा गया है।

चैनल न्यूज एशिया की रिपोर्ट के अनुसार, सफाईकर्मी के रूप में काम करने वाले तमिलसेल्वम रमैया ने सोमवार को घर के बाहर मास्क नहीं पहनने के कारण सीओवीआईडी –19 नियमों का उल्लंघन करने के एक मामले में दोषी ठहराया।

18 अक्टूबर, 2021 की सुबह काम पर रिपोर्ट करने के बाद, उन्होंने सहायक लॉजिस्टिक्स मैनेजर को बताया कि वह अस्वस्थ महसूस कर रहे हैं, और उन्हें एंटीजन रैपिड टेस्ट कराने के लिए कहा गया था।

सीओवीआईडी –19 के



लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद, उन्हें घर लौटने का निर्देश दिया गया था। लेकिन तमिलसेल्वम सहायक लॉजिस्टिक्स मैनेजर को अपने कोविड–19 परीक्षा परिणाम के बारे में सूचित करने के लिए कंपनी के लॉजिस्टिक्स कार्यालय गए। तमिलसेल्वम ने कंपनी के एक ड्राइवर के साथ कार्यालय में प्रवेश किया, जिसे सकारात्मक परीक्षा परिणाम के बारे में पता नहीं था। तमिलसेल्वम के कोविड संक्रमित होने की जानकारी रखने वाले लॉजिस्टिक्स सुपरवाइजर ने ड्राइवर को उसके पास न जाने के लिए कहा। सुपरवाइजर ने उसे कार्यालय छोड़ने के लिए भी कहा और उसे बाहर निकालने की नकल करते हुए इशारा किया। समाचार रिपोर्ट में कहा गया है कि तमिलसेल्वम दरवाजे तक चले गए, लेकिन दो बार खांसने के बाद वापस लौट आए और अपने मास्क के साथ कार्यालय में आ गए। उन्होंने कहा कि उनकी सारी हरकतें कार्यालय में लगे क्लोज–सर्किट टेलीविजन कैमरे में कैद हो गईं। पर्यवेक्षक ने कार्यालय का दरवाज़ा बंद कर दिया, लेकिन तमिलसेल्वम ने उसे खोल दिया। उसने मॉस्क नीचे कर लिया और जाने से पहले तीसरी बार कार्यालय में खांसा। जब तमिलसेल्वम जा रहे थे, तो वह लॉजिस्टिक्स कार्यालय में कांच के दूसरी तरफ किडनी के रोगी 56 वर्षीय क्लर्क के साथ एक खिडक़ी से गुजरे। हालांकि, इस घटना के बाद उनमें से कोई भी कोरोना वायरस की चपेट में नहीं आया। लेकिन कंपनी के सहायक लॉजिस्टिक्स मैनेजर ने घटना पर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच के दौरान, तमिलसेल्वम ने कहा कि उन्होंने अपने सहकर्मियों पर मजाक के तौर पर खांसी की थी। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने सकारात्मक परिणाम को गंभीरता से नहीं लिया और यह पुष्टि करने के लिए पॉलीक्लिनिक का दौरा किया कि क्या वह सीओवीआईडी –19 से संक्रमित हैं। तमिलसेल्वम के लिए तीन–चार सप्ताह की जेल की मांग करते हुए, उप लोक अभियोजक श्रुति बोप्पाना ने कहा कि यह घटना कोई हंसी की बात नहीं थी। उन्होंने कहा कि तमिलसेल्वम ने परिसर छोडने के निर्देशों की अवज्ञा की और उस समय अपने सहयोगियों पर जानबूझकर खांसने के लिए लौट आए जब सिंगापुर में सीओवीआईडी –19 मामलों में वृद्धि देखी जा रही थी।

# भारतीय राइफल निशानेबाज निश्चल को रियो विश्व कप में रजत पदक



नयी दिल्ली, भारत की युवा निशानेबाज निश्चल ने रियो डी जेनेरियो में आईएसएसएफ विश्वकप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में रजत पदक जीता। उन्होंने सोमवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन भारत को उसका दूसरा पदक दिलाया। उनकी यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उनका सीनियर स्तर पर पहला विश्वकप था।निश्चल ने फाइनल में 458.0 अंक बनाए और वह नार्वे की स्टार निशानेबाज जेनेट हेग डुएस्टेड के बाद दूसरे स्थान पर रही। डुएस्टेड एयर राइफल में मौजूदा यूरोपीय चैंपियन है तथा उनके नाम पर पांच स्वर्ण पदक सहित आईएसएसएफ विश्वकप में कुल 12 पदक दर्ज हैं। वह तोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही थी।निश्चल ने पूरे दिन भर शानदार प्रदर्शन किया तथा इस बीच महिला 3 पोजीशन के क्वालिफिकेशन में राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ा।उन्होंने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा,'' यह विश्व कप में मेरा पहला फाइनल था और मैं पदक जीतने में सफल रही, इसलिए इस प्रदर्शन से मैं बहुत खुश हूं।''

निश्चल ने एलिमिनेशन राउंड में 587 अंक बनाकर क्वालिफिकेशन राउंड में जगह बनाई। उनके अलावा पिछला क्वालिफिकेशन राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक अंजुम मोदगिल और आयुषी पोदार भी क्वालिफिकेशन राउंड में जगह बनाने में सफल रही।क्वालिफिकेशन में निश्चल ने 542 अंक बनाए, जिनमें प्रोन पोजीशन में बनाए गए 'परफेक्ट' 200 अंक भी शामिल हैं। इस तरह से उन्होंने अंजुम का पिछले साल काहिरा में प्रेसिडेंट कप में बनाए गए 591 अंक के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ा। अंजुम ने 586 अंक बनाए और वह 10वें नंबर पर रहकर फाइनल में जगह नहीं बना सकी। आयुषी 580 अंकों के साथ 35वें स्थान पर रही।फाइनल में कई शीर्ष खिलाड़ियों ने जगह बनाई थी जिनमें डुएस्टेड के अलावा चीन की विश्व चैंपियन वानरू मियाओ, डेनमार्क की 2018 युवा ओलंपिक चैंपियन स्टेफनी ग्रुंडसोई, इटली की ओलंपियन सोफिया सेकेरेलो और पोलैंड की एनेटा स्टैंकिविज़ शामिल थी।निश्चल पर हालांकि इसका कोई असर नहीं पड़ा और उन्होंने शुरू से ही बेहतरीन प्रदर्शन करके डुएस्टेड को आखिर तक कड़ी चुनौती दी। नार्वे की निशानेबाज ने हालांकि अपने अनुभव का अच्छा इस्तेमाल करके 461.5 अंक बनाकर स्वर्ण पदक जीता।

## ईरान, अमेरिकी पहलवानों ने विश्व चैंपियनशिप–2023 में स्वर्ण पदक जीते

बेलग्रेड ,संयुक्त राज्य अमेरिका के डेविड मॉरिस टेलर और ईरान के अमीर हुसैन अब्बास ज़ारे ने बेलग्रेड, सर्बिया में 2023 कुश्ती चैंपियनशिप में क्रमशः 86 किग्रा और 125 किग्रा ओलंपिक फ्रीस्टाइल श्रेणियों में जीत हासिल की।

विश्व चैंपियन डेविड मॉरिस टेलर ने पूर्व ओलंपिक और विश्व चैंपियन ईरान के हसन अलियाज़म यज़दानिचराती को 9–3 से हराकर अपना 86 किग्रा फ्रीस्टाइल खिताब पर एक बार फिर कब्जा किया।125 किग्रा फ्रीस्टाइल में एक अन्य ओलंपिक कुश्ती वर्ग, जॉर्जिया के विश्व नंबर–2 जेनो पेट्रीशविली ज़ेरे से 11–0 से हार गए।गैर–ओलंपिक श्रेणियों में, अमेरिकी चैंपियन विटाली अरुजाउ ने 61 किग्रा फ्रीस्टाइल फाइनल में पूर्व विश्व चैंपियन रूस के अबासगादज़ी मैगोमेदोव को 10–9 से हराया।

70 किग्रा फ्रीस्टाइल फाइनल में, दुनिया के नंबर–2 पहलवान संयुक्त राज्य अमेरिका के ज़ैन एलन रदरफोर्ड ने ईरान के अमीर मोहम्मद बाबाक यज़दानिचेराती को 8–5 से हराकर खिताब हासिल किया।

# भारत की पुरुष हॉकी टीम पदक के लक्ष्य के साथ एशियाई खेलों के लिए रवाना



बेंगलुरु, भारत की पुरुष हॉकी टीम 23 सितंबर से शुरू होने वाले एशियाई खेलों में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखने के उद्देश्य के साथ हांगझोउ के लिए रवाना हुई।

भारत अपने अभियान की शुरुआत 24 सितंबर को उज्बेकिस्तान के खिलाफ करेगा। भारत को पूल ए में पाकिस्तान, जापान, बांग्लादेश, सिंगापुर और उज्बेकिस्तान के साथ रखा गया है। पूल बी में कोरिया, मलेशिया, चीन, ओमान, थाईलैंड और इंडोनेशिया शामिल हैं। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी।

हरमनप्रीत सिंह एक बार फिर से टीम की अगुवाई करेंगे जबकि हार्दिक सिंह उप कप्तान की भूमिका निभाएंगे।

हरमनप्रीत ने टीम की रवानगी से पहले कहा, टीम ने एशियाई खेलों के लिए कड़ी मेहनत की है तथा हमने हाल में चेन्नई में समाप्त हुई एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भी अच्छा प्रदर्शन किया था। हमारा लक्ष्य प्रदर्शन के इस स्तर को बरकरार रखना है।

उन्होंने कहा, हमें अपने पूल में कुछ कड़े प्रतिद्वंद्वियों का सामना करना होगा लेकिन हमें अपनी तैयारियों पर भरोसा है और हमें उम्मीद है कि हम पोडियम तक पहुंचने में सफल रहेंगे।

टीम में गोलकीपर पीआर श्रीजेश और कृष्ण पाठक शामिल हैं। वरुण कुमार, अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह और संजय रक्षा पंक्ति की जिम्मेदारी संभालेंगे।

मध्य पंक्ति में नीलकांत शर्मा, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, सुमित और शमशेर सिंह जबकि अग्रिम पंक्ति में अभिषेक, गुरजंत सिंह, मंदीप सिंह, सुखजीत सिंह और ललित कुमार उपाध्याय शामिल हैं।

उपकप्तान हार्दिक ने कहा, हमने टूर्नामेंट से पहले कुछ कड़े अभ्यास सत्रों में हिस्सा लिया और सभी ने एक लक्ष्य के साथ तैयारियां की। हम मानसिक और शारीरिक तौर पर सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है। हमारा लक्ष्य हाल के महीनों के अपने अच्छे प्रदर्शन को बरकरार रखना और चीन से पदक के साथ लौटना है।

# जोफ्रा आर्चर वर्ल्ड कप के लिए इंग्लैंड की टीम में होंगे रिजर्व खिलाड़ी : ल्यूक राइट




लंदन , तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भारत में विश्व कप के रिजर्व के रूप में इंग्लैंड टीम के साथ यात्रा करेंगे। टीम के मुख्य चयनकर्ता ल्यूक राइट ने इसकी पुष्टि की है।

चोटिल जोफ्रा आर्चर का नाम घोषित इंग्लैंड की अंतिम 15 खिलाड़ियों की विश्व कप टीम में शामिल नहीं है। हालांकि, इस मामले में एक बड़ा अपडेट यह है कि वो टीम के साथ यात्रा करेंगे।

ईसीबी के बयान के अनुसार, जोफ्रा के लिए सबसे अच्छी बात यह है कि वह टीम के साथ यात्रा करें। अपने पुनर्वास के साथ काम करते रहें। फिजियो और टीम के आसपास रहें। वो इस तरह अपनी फिटनेस पर काम कर सकेंगे और सबसे बड़ी बात की टीम के साथ रहेंगे, जिससे उन्हें वापसी करने में मदद मिलेगी।आर्चर उस टीम का हिस्सा थे, जिसने 2019 में लॉर्ड्स में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे विश्व कप जीता था, जहां उन्होंने प्रतियोगिता में टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज होने के अलावा एक रोमांचक सुपर ओवर फेंका था। वह वर्तमान में चोट के बाद अपने पुनर्वास पर काम कर रहे हैं, तब से उनका करियर ज्यादा अच्छा नहीं रहा।

उन्होंने साउथ अफ्रीका टी20 लीग के अलावा इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के दौरे पर इंग्लैंड के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वापसी की थी। लेकिन, लगातार कोहनी और पीठ की चोटों से उबरने के बाद उन्हें बार–बार मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। यही कारण है कि उन्हें आईपीएल 2023 का कार्यकाल जल्दी समाप्त कर दिया था।

## चेन्नईयिन एफसी ने सर्बिया के लजार सकीविच के साथ अनुबंध किया

चेन्नई, चेन्नईयिन एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल प्रतियोगिता के आगामी सत्र से पहले अपनी रक्षा पंक्ति को मजबूत करने के लिए सर्बिया के डिफेंडर लजार सकीविच के साथ अनुबंध किया है।लजार सकीविच आईएसएल के आगामी सत्र के लिए इस क्लब से जुड़ने वाले पांचवें विदेशी खिलाड़ी हैं।चेन्नईयिन एफसी के मुख्य कोच ओवेन कॉयले ने उम्मीद जताई कि सकीविच के टीम से जुड़ने से उनकी रक्षा पंक्ति को मजबूती मिलेगी।उन्होंने क्लब की यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, हम सकीविच को क्लब से जोड़कर बेहद खुश हैं। हम पिछले कुछ समय से उन्हें अनुबंधित करने का प्रयास कर रहे थे। क्लब ने उनमें काफी दिलचस्पी दिखाई थी क्योंकि वह शीर्ष स्तर पर खेलते रहे हैं। उनकी मौजूदगी से टीम को मजबूती मिलेगी।

# रोहित, विराट, हार्दिक को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो वनडे मैचों में आराम



मुंबई ,चयनकर्ताओं ने कप्तान रोहित शर्मा, सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली और प्रमुख ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो एकदिवसीय मैचों के लिए आराम दिया, जबकि ऑफ स्पिनर आर. अश्विन को अक्षर पटेल के चोट से उबरने में नाकाम रहने की स्थिति में विश्व कप फ्रेमवर्क में शामिल किया गया है। अश्विन और साथी स्पिनर वाशिंगटन सुंदर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है। आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप से पहले भारतीय टीम के लिए यह आखिरी सीरीज है। रोहित, विराट और हार्दिक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे के लिए टीम में वापसी करेंगे। पहले दो वनडे के लिए उनके स्थान पर रुतुराज गायकवाड़, रविचंद्रन अश्विन और वाशिंगटन सुंदर को शामिल किया गया है। केएल राहुल को 15 सदस्यीय टीम का कप्तान बनाया गया है। चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने सोमवार को एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि चयनकर्ताओं ने घायल स्पिनर अक्षर पटेल को अधिक समय देने का भी फैसला किया है, जिन्हें 17 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। अश्विन और वाशिंगटन सुंदर भी तीसरे मैच की टीम में होंगे। अगरकर ने कहा कि रोहित, विराट और हार्दिक को राहत दी गई है। कई बार आराम शारीरिक नहीं बल्कि मानसिक भी होता है।उन्होंने कहा कि उन्हें मेडिकल स्टाफ ने बताया था कि अक्षर को तीसरे मैच के लिए उपलब्ध होना चाहिए लेकिन उनकी उपलब्धता पर अंतिम फैसला लेने से पहले स्पिनर की फिटनेस का आकलन किया जाएगा।ऐसा प्रतीत होता है कि चयनकर्ताओं ने अनुभवी अश्विन को इस विकल्प के साथ शामिल किया है कि अगर अक्षर समय पर ठीक नहीं हो पाते हैं तो उन्हें अंतिम विश्व कप टीम में शामिल किया जा सकता है।कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि जनवरी 2022 में इस प्रारूप में आखिरी बार खेलने के बावजूद अश्विन के लिए वनडे मोड में आना कोई समस्या नहीं होगी।

## फिल्मी दुनियां

# 16 साल बाद फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाएगी शाहिद और करीना की जोड़ी?



करीना कपूर खान और शाहिद कपूर की ह्यजब वी मेटह्व बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक है. साल 2007 में रिलीज़ हुई यह रोमांटिक–कॉमेडी ब्लॉकबस्टर रही थी और आज भी ये फिल्म लोगों के दिलों पर राज करती है. फैंस अक्सर इस फिल्म के सीक्वल की मांग करते रहते हैं और फाइनली फैंस की ये ख्वाहिश पूरी होती नजर आ रही है. एक रिपोर्ट के मुताबिक जब वी मेट के सीक्वल की आने की तैयारी हो रही है. रिपोर्ट के मुताबिक कथित तौर पर जब वी मेट के सीक्वल राज मेहता द्वारा गांधार फिल्म्स बैनर के तहत प्रोड्यूस किया जाएगा, रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म के सीक्वल वर्जन का निर्देशन इम्तियाज अली करेंगे उन्होंने जब वी मेट का भी डायरेक्शन किया था. हालांकि मेकर्स की ओर से अभी तक जब वी मेट 2 के बारे में कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है.जब वी मेट 2 के आने की खबरों के साथ ही ये भी चर्चा शुरू हो गई है कि क्या फिल्म की स्टार कास्ट करीना कपूर खान और शाहिद कपूर फिर से इसके पार्ट 2 के लिए भी एक साथ आएंगे और गीत और आदित्य के रूप में अपनी भूमिकाओं को दोहराएंगे. इसी के साथ बता दें कि फिल्म के सीक्वल के बारे में अफवाहें इंटरनेट पर तब फैलनी शुरू हुई जब शाहिद कपूर ने इसकी संभावना के बारे में थोड़ा हिंट दिया था. रिपोर्ट्स के मुताबिक, वैलेंटाइन डे पर एक्टर के एक फैन ने उनसे इम्तियाज अली के साथ लगातार बातचीत के बारे में पूछा। इस पर शाहिद कपूर ने कहा था, स्मार्ट बॉय. बता दें कि जब वी मेट कुछ दिनों पहले सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज हुई थी. हालांकि, उस दौरान शाहिद कपूर से पूछा गया कि क्या वह इस आइकॉनिक फिल्म के सीक्वल में रोल प्ले करना चाहेंगे. इसके जवाब में शाहिद ने कहा कि यह मेनली स्क्रिप्ट पर डिपेंड करता है.

## डेविल से संयुक्ता का फर्स्ट लुक पोस्टर सामने आया

नंदामुरी कल्याण राम की उत्सुकता से प्रतीक्षित अवधि जासूसी थ्रिलर, डेविल, अभिषेक नामा के निर्माण और निर्देशन के तहत 24 नवंबर, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

संयुक्ता के जन्मदिन के अवसर पर, जो फिल्म में निषाधा की मुख्य भूमिका निभा रही हैं, निर्माताओं ने उनके चरित्र पोस्टर का अनावरण किया। पोस्टर में, संयुक्ता पारंपरिक पोशाक में लालित्य का परिचय दे रही है, एक गर्म मुस्कान के साथ, नारियल और फूलों से सजे मंदिर की यात्रा का संकेत दे रही है।

डेविल में श्रीकांत विस्सा की मनमोहक कहानी, पटकथा और संवाद हैं। फिल्म का संगीत हर्षवर्द्धन रामेश्वर ने तैयार किया है, जबकि सौंदराजन छायाकार हैं। इस बहुप्रतीक्षित पीरियड स्पाई थ्रिलर पर अधिक अपडेट के लिए हमारे साथ बने रहें।

# तब्बू स्टारर स्पाई थ्रिलर फिल्म खुफिया का आईएफएफएलए में होगा वर्ल्ड प्रीमियर



बॉलीवुड एक्ट्रेस तब्बू स्टारर एक्शन स्पाई थ्रिलर फिल्म खुफिया लॉस एंजिल्स के इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ लॉस एंजेलिस (आईएफएफएलए) में अपने वर्ल्ड प्रीमियर के लिए तैयार है।विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित खुफिया अमर भूषण की किताब एस्केप टू नोव्हेयर पर आधारित है। फिल्म में तब्बू को सीक्रेट ऑपरेटिव के रूप में दिखाया गया है, जो एक खतरनाक मिशन पर है और एक जासूस की भूमिका में है।

फेस्टिवल के अन्य फीचर चयनों में अतुल सभरवाल की बर्लिन का विश्व प्रीमियर, डोमिनिक संगमा की गारो भाषा की फिल्म अलौकिक कहानी रैप्चर, आनंद एकार्शी की मलयालम फिल्म अट्टम और देवाशीष मखीजा की जोरम शामिल हैं। आईएफएफएलए की कार्यकारी निदेशक क्रिस्टीना मरौदा ने कहाः हम आईएफएफएलए के तीसरे दशक को लेकर रोमांचित हैं, जो उभरते हुए दक्षिण एशियाई कहानीकारों के लिए यूनिक और आवश्यक प्लेटफॉर्म प्रदान करता है, और लॉस एंजिल्स के दर्शकों के लिए एक हाई क्यूरेटेड प्रोग्राम ला रहा है।उन्होंने कहा, लॉस एंजेल्स दक्षिण एशिया और इसके प्रवासी भारतीयों से जुड़े अनगिनत कलाकारों का घर बन गया है।

# राधा कृष्ण सीरियल की राधा उर्फ मल्लिका रियल लाइफ में हैं बेहद स्टाइलिश



टीवी सीरियल अगर भक्ति से जुड़ा हो तो देखने वालों की संख्या चार गुनी बढ़ जाती है. साथ ही कई नई और अहम जानकारी भी मिलती है. वहीं साल 2018 में राधा कृष्ण सीरियल ब्रॉडकास्ट हुआ था. इस सीरियल में राधा और कृष्ण के प्रेम और उनके बलिदान की कहानी दिखाई गई. यह सीरियल इनता पसंद किया गया कि इस सीरियल ने जमकर टीआरपी बटोरी. सीरियल के गाने को साथ ही कहानी और किरदारों ने चार चांद लगा दिए थे. बता दें कि इस सीरियल में कृष्ण का किरदार सुमेध मुद्गलकर ने निभाया था. वहीं इस सीरियल में राधा का करिदार मल्लिका सिंह ने निभाया था.

बता दें कि राधा के किरदार में नजर आने वाली एक्ट्रेस मल्लिका सिंह ने इस सीरियल से फैन्स का दिल जीत लिया था. चारों तरफ उन्होंने वाहवाही लूटी थी. वहीं बता दें कि मल्लिका सिंह रियल लाइफ में काफी स्टाइलिश हैं. सोशल मीडिया पर उनके कई स्टाइलिश तस्वीरें मौजूद हैं. जिसे देखकर फैन्स हैरान हो गए हैं. कभी वे क्रप टॉप पहने दिखाई दे रही हैं तो कभी वे स्कर्ट टॉप में नजर आ रही हैं.

# श्वेता तिवारी ने बॉसी लुक में लगाया इंटेंस तडका, ग्लैमरस अदाओं पर ठहर गईं नजरें



श्वेता तिवारी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने लगी हैं. अक्सर उनके इंस्टाग्राम पर उनके नए–नए लुक्स देखने को मिल जाते हैं. ऐसे में एक्ट्रेस के फॉलोअर्स की लिस्ट भी लगातार लंबी होती जा रही है. वहीं, श्वेता की भी हर अदा को देखकर ऐसा लगने लगा है कि एक्ट्रेस की उम्र जैसे–जैसे बढ़ती जा रही है वह और ज्यादा जवां होने लगी हैं. श्वेता का हर लुक फैंस के दिलों की धडकनें बढ़ा देता है. अब फिर से एक्ट्रेस ने अदाएं दिखाते हुए इंस्टाग्राम पर अपने नए लुक की झलक दिखाई है.

लेटेस्ट फोटोशूट के लिए श्वेता ने बॉसी लुक में पोज दिए हैं. इन फोटोज में एक्ट्रेस डार्क ग्रे शेट का ट्राउजर और क्रॉप शर्ट पहने हुए नजर आ रही हैं. अपने इस लुक को उन्होंने सटल शाइनी बेस, न्यूड ग्लॉसी लिप्स और न्यूड आई मेकअप से कंप्लीट किया है.

इसके साथ एक्ट्रेस ने अपने बालों को ओपन रखकर ही सिंपल हेयर स्टाइल बनाया है. वहीं, एक्सेसरीज के तौर पर श्वेता कानों में हूप ईयररिंग्स कैरी किए हैं.श्वेता इस लुक में काफी हॉट और अट्रैक्टिव दिख रही हैं. उन्होंने अपने इस स्टाइलिस बॉसी लुक को भी कैमरे के सामने बहुत खूबसूरती से फ्लॉन्ट किया है. उन्होंने इंटेंस लुक में कई पोज दिए हैं. अब श्वेता के चाहने वालों के बीच उनका ये स्टाइलिश लुक भी काफी वायरल होने लगा है. फैंस ने उनकी तारीफों के पुल बांधते हुए कई कमेंट्स किए हैं. श्वेता के इस स्टाइलिश लुक को देखकर अंदाजा ही नहीं लगाया जा सकता कि एक्ट्रेस 42 साल की हो गई हैं और 2 बच्चों की मां हैं.वहीं, श्वेता के वर्क फ्रंट पर नजर डालें तो इन दिनों वह रोहित शेट्टी की वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स को लेकर चर्चा में हैं. इसके अलावा एक्ट्रेस हम तुम एंड दैम टाइटल से बन रही सीरीज में भी नजर आएंगी.

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com